●वर्ष : 16 ●अंक : 240 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED




Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen) angenpharmaceuticals@gmail.com

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

सोमवार 23 दिसम्बर 2024

**समाचार**

## पार्सल में घर भेजी लाश, कहा-लोन के 1.35 करोड़ चुकाओ नहीं तो यही अंजाम होगा

**येंडागंडी** आंध्र प्रदेश के पश्चिम गोदावरी जिले में एक परिवार को पार्सल में शव भेजने का हैरतअंगेज मामला सामने आया है। शव भेजने वालों ने एक पत्र भी भेजा जिसमें कहा गया है कि परिवार के मुखिया ने सालों पहले कर्ज लिया था जो अब ब्याज समेत 1.35 करोड़ रुपये होता है। अगर नहीं चुकाया तो घर वालों का यही अंजाम होगा। शव किसी अज्ञात का है और पुलिस के अनुसार उसकी उम्र 45 वर्ष के आसपास है। जिला पुलिस अधीक्षक अदनान नईम आसमी ने बताया कि बृहस्पतिवार की रात इस परिवार के निमार्णाधीन घर पर यह पार्सल भेजा गया। शव एक बक्से में था, जिसे ऑटो से इस घर तक पहुंचाया गया। पत्र में सागी तुलसी नाम की महिला से 1.35 करोड़ रुपये की मांग करते हुए लिखा गया है, आपके पति ने 2008 में 3 लाख रुपये का लोन लिया था, जो ब्याज समेत अब बढ़कर 1.35 करोड़ रुपये हो गया है। परिवार का भला चाहती हो तो पूरी रकम चुकानी होगी। तुलसी के पति करीब 10 साल पहले लापता हो गए थे, जिसके बाद से वह घर नहीं लौटे हैं। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। आसमी ने बताया, तुलसी हाल तक अपने माता-पिता के साथ रह रही थी। बाद में उसकी छोटी बहन आ गई तो वह अलग किराए के घर में रहने लगी। बाद में तुलसी ने एक दानदाता की मदद से माता-पिता के घर से एक किलोमीटर दूर अपना घर बनवाना शुरू किया। इस व्यक्ति ने तुलसी को कहा कि चूंकि वह दोनों एक ही जाति के हैं और तुलसी विधवा है इसलिए वह उसकी मदद कर रहा है। इस व्यक्ति ने सितंबर में तुलसी के घर के लिए टाइल्स व अन्य निर्माण सामग्री भेजी थी। बृहस्पतिवार को तुलसी को संदेश मिला कि घर के लिए बिजली का कुछ सामान भेजा जा रहा है जिसमें मोटर और अन्य वस्तुएं हैं। हालांकि इसके बदले घर में जो बॉक्स आया उसमें शव पड़ा था। शव मिलने के बाद तुलसी के परिवार ने पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने कहा कि वह पिछले तीन से चार दिन में गायब हुए लोगों की जांच कर रही है।

# जयराम रमेश बोले: इंदिरा ने 44 वें संशोधन का किया था समर्थन

## संविधान दिवस पर चर्चा के दौरान पीएम ने की थी आलोचना

नूना न्यूज एजेंसी।



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर संसद में चर्चा के दौरान इंदिरा गांधी की आलोचना करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। जयराम ने कहा कि संसद में पीएम मोदी और उनके सहयोगियों ने साल 1976 में 42वें संशोधन के लिए पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा पर हमला किया, लेकिन भाजपा नेताओं इस बात का जिक्र नहीं किया कि 1978 में जब मोरारजी देसाई प्रधानमंत्री थे, तब इंदिरा समेत दूसरे कांग्रेस सांसदों ने भी 44वें संशोधन के पक्ष में मतदान किया था, जिसके जरिए से 42वें संशोधन के कई प्रावधानों को हटाया गया था। जयराम ने 'एक्स' ने लिखा, प्रधानमंत्री मोदी और उनके सहयोगियों ने इस तथ्य का भी जिक्र नहीं किया कि 42वें संशोधन के कई प्रावधानों के लागू होने के करीब आधी सदी से बाद भी उन्हें बरकरार रखा गया है। बता दें कि तत्कालीन इंदिरा सरकार ने 1976 में संविधान में 42वां संशोधन किया था, जिसके बाद संविधान की प्रस्तावना में 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द जोड़े गए थे। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्द को संविधान के मूल ढांचे का हिस्सा माना है। संशोधन ने प्रस्तावना में भारत के वर्णन को 'संप्रभु, लोकतांत्रिक गणराज्य' से बदलकर 'संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य' कर दिया। रमेश ने कहा कि 44वें संविधान संशोधन ने 42वें संशोधन के जरिए पेश किए गए कई प्रावधानों को हटा दिया, जिसमें इंदिरा समेत कांग्रेस सांसदों समर्थन किया था, जिसका जिक्र पीएम मोदी ने अपने भाषण में नहीं किया।

## मणिपुर के लोग इंतजार करते रहे और वे कुवैत चले गए : कांग्रेस



**नई दिल्ली** कांग्रेस ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर उनकी कुवैत यात्रा को लेकर जमकर निशाना साधा। सबसे पुरानी पार्टी ने कहा कि लगातार यात्रा करने वाले पीएम कुवैत चले गए हैं, जबकि हिंसा प्रभावित मणिपुर के लोग उनका इंतजार कर रहे हैं। कांग्रेस के महासचिव (संचार) जयराम रमेश ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक तंज कसते हुए पोस्ट किया। उन्होंने कहा, 'ऐसा है उनका हाल, जैसे मोदी को नहीं मिल रही कोई तारीख, मणिपुर के लोग इंतजार कर रहे, जबकि लगातार यात्रा करने वाले पीएम कुवैत जा रहे हैं।' कांग्रेस ने बार-बार प्रधानमंत्री मोदी से मणिपुर जाने की मांग की है, उनका कहना है कि यह राज्य में शांति और सामान्य स्थिति बहाल करने में मदद करेगा।

### >> 43 साल बाद किसी भारतीय पीएम का पहला दौरा

बता दें, प्रधानमंत्री मोदी कुवैत की दो दिवसीय यात्रा के लिए रवाना हो गए हैं। दो दिनों की यात्रा के दौरान भारत और खाड़ी देश के बीच रक्षा और व्यापार समेत कई प्रमुख क्षेत्रों में संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। मोदी कुवैत के शीर्ष नेतृत्व के साथ वार्ता करेंगे, भारतीय श्रमिक शिविर का दौरा करेंगे, भारतीय समुदाय को संबोधित करेंगे और गल्फ कप फुटबॉल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में शामिल होंगे। यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 43 वर्षों में इस खाड़ी देश की पहली यात्रा है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



## संभल की दुर्भाग्यपूर्ण घटना से उपजे जटिल सवाल

यह दुर्भाग्यपूर्ण एवं त्रासद है कि उत्तर प्रदेश के संभल में एक बार फिर एक सम्प्रदाय विशेष के लोगों ने जो हिंसा, नफरत एवं द्वेष को हथियार बनाकर अशांति फैलायी, वह भारत की एकता, अखण्डता एवं भाईचारे की संस्कृति को क्षति पहुंचाने का माध्यम बनी है। स्थानीय अदालत के आदेश पर एक मस्जिद के सर्वे के दौरान हिंसा एवं उन्माद का भड़क उठना और इसके चलते तीन लोगों की जान चले जाना, चुनौतीपूर्ण, विडम्बनापूर्ण एवं शर्मनाक है। इस घटना में कई अन्य लोग घायल भी हुए, जिनमें 30 से अधिक पुलिसकर्मी भी हैं। इस हिंसा को टाला जा सकता था यदि अदालत के आदेश पर हो रहे सर्वेक्षण का हिंसक विरोध नहीं किया जाता। ध्यान रहे कि जब ऐसा होता है तो बैर बढ़ने के साथ देश की छवि पर भी बुरा असर पड़ता है। निःसंदेह इस सम्प्रदाय विशेष को भी यह समझने की आवश्यकता है कि जब देश कई चुनौतियों से दो–चार है, तब राष्ट्रीय एकता एवं सद्भाव को बल देना सबकी पहली और साझी प्राथमिकता बननी चाहिए। एक उन्मादी, विभाजित और वैमनस्यग्रस्त समाज न तो अपना भला कर सकता है और न ही देश को आगे ले जा सकता है। समय आ गया है कि उन मूल कारणों पर विचार किया जाए, जिनके चलते साम्प्रदायिक तनाव, नफरत एवं द्वेष बढ़ाने वाली घटनाएं थम नहीं रही हैं। संभल की स्थानीय अदालत ने उस याचिका पर जामा मस्जिद के सर्वेक्षण का आदेश दिया था, जिसमें दावा किया गया था कि मुगल बादशाह बाबर ने इस मस्जिद का निर्माण एक मंदिर के स्थान पर किया था। स्थानीय अदालत के आदेश पर इसी मंगलवार को जब प्रारंभिक सर्वे किया गया था तब भी इलाके में तनाव फैला था, लेकिन उसे दूर कर लिया गया था। समझना कठिन है कि गत दिवस सर्वे के दौरान ऐसे प्रयास क्यों नहीं किए गए जिससे किसी तरह की अव्यवस्था और अशांति न फैलने पाए। रविवार को सर्वे के दौरान जिस तरह पुलिस पर पथराव किया गया और वाहनों में तोड़फोड़ करने के साथ उन्हें आग के हवाले किया गया, उससे लगता है कि कुछ उन्मादी तत्वों ने उपद्रव की तैयारी कर रखी थी। ऐसी घटनाएं सामाजिक तानेबाने को क्षति पहुंचाने के साथ कानून एवं व्यवस्था के समक्ष चुनौती भी खड़ी करती हैं। यह चिंता की बात है कि यह एक चलन सा बनता जा रहा है।

**SYED ZAKI HAIDER**

( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

# भारत जोड़ो यात्रा से जुड़े 40 नक्सली संगठनों के नाम बताएं: योगेन्द्र यादव

नूना न्यूज एजेंसी।




**लातूर।** सामाजिक कार्यकर्ता योगेंद्र यादव ने शनिवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस से कहा कि वे नक्सलियों के उन 40 संगठनों के नामों का खुलासा करें, जिन्होंने भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लिया था। गौरतलब है कि दो दिन पहले फडणवीस ने विधानसभा में आरोप लगाया था कि भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए 180 संगठनों में से 40 को महाराष्ट्र और केंद्र में कांग्रेस के नेतृत्व वाली संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकारों ने नक्सलियों का मुखौटा संगठन घोषित किया था। उन्होंने यह भी कहा था कि 15 नवंबर को काठमांडो में एक बैठक हुई थी जिसमें राहुल गांधी के नेतृत्व वाली भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने वाले कुछ संगठनों ने भाग लिया था और इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) का विरोध तथा राज्यों में मतपत्र व्यवस्था लागू करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई थी।

भारत जोड़ो अभियान के राष्ट्रीय संयोजक योगेन्द्र यादव ने महाराष्ट्र के लातूर शहर में पूछा, महात्मा गांधी के अनुयायी होने के नाते हमें नक्सलवादी कैसे कहा जा सकता है? यादव ने कहा कि विपक्षी गठबंधन महा विकास आघाड़ी महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हार गया, क्योंकि वे लोकसभा चुनावों में अपने प्रभावशाली प्रदर्शन के बाद सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों पर निर्णायक रुख अपनाने में विफल रहे। उन्होंने दावा किया, वे विधानसभा चुनाव बुरी तरह हार गए, क्योंकि विपक्षी सहयोगी एकजुट रणनीति नहीं बना सके। यादव ने कहा कि भारत जोड़ो अभियान संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए समर्पित है। उन्होंने कहा, आज राष्ट्र और लोकतंत्र की नींव पर हमला हो रहा है। हमारी विचारधारा संविधान की प्रस्तावना में निहित है, जो हमारा मार्गदर्शक दर्शन है। यादव ने कहा, अभियान किसी राजनीतिक दल से संबद्ध नहीं है, लेकिन हम उन लोगों का समर्थन करेंगे जो भाजपा को हरा सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार सामाजिक कार्यकर्ताओं को जेल में डालने के लिए नए कानून बनाने की योजना बना रही है।

## झूठ बोल रहे हैं फडणवीस : संजय राउत

वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को शहरी नक्सली समूहों से जोड़ने वाले फडणवीस के दावों को खारिज करते हुए उन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया। राउत ने कहा, देवेंद्र फडणनवीस ने बीड सरपंच की हत्या और परभणी हिंसा के बारे में झूठ बोला। उन्हें कैसे पता कि कौन नक्सली है? गौरतलब है कि 10 दिसंबर को परभणी शहर में संविधान की प्रतिकृति को नुकसान पहुंचाने को लेकर हिंसा भड़क उठी थी। इसके पहले बीड में 9 दिसंबर को मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख का अपहरण कर हत्या कर दी गई थी।

# 'मूल मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही भाजपा': शिवकुमार

नूना न्यूज एजेंसी।



**बंगलूरू।** कर्नाटक में भाजपा एमएलसी सीटी रवि पर महिला और बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बलकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने का आरोप है। राज्य महिला आयोग ने उनके खिलाफ उच्चस्तरीय जांच की मांग की। इस बीच सीटी रवि ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कई गंभीर आरोप लगाए। उनके इन आरोपों पर कर्नाटक क उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रतिक्रिया दी। शिवकुमार ने कहा कि गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा सीटी रवि के साथ दुर्व्यवहार का दावा कर-के भाजपा एक मूल मुद्दे से जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है। पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा नेता सीटी रवि ने कहा, उनसे (भाजपा) पूछिए, उन्होंने (रवि) जो कहा वह सही था या नहीं। बाकी की बातों पर बाद में चर्चा करेंगे। इससे उनकी पार्टी और नेताओं के संस्कार के बारे में पता चलता है। अदालत में क्या हुआ, यह उन पर (रवि), पुलिस और उनके द्वारा किए गए अपराध पर छोड़ दिया गया है। मूल मुद्दा उनकी भाषा और संस्कार का है। उन्होंने आगे कहा, "यह उनकी पार्टी (भाजपा) का नेतृत्व है। उन्हें कहना चाहिए कि उनकी पार्टी ऐसी ही है। हमें खुशी होगी। उन्हें अपने रत्न खुशी-खुशी अपने पास रखने दें। उन्हें बाहर न भेजें।" सीटी रवि के खिलाफ पुलिस कार्रवाई और पुलिस पर दबाव डालने के आरोपों पर शिवकुमार ने कहा, "यह पुलिस का मामला है। मुझे कुछ नहीं मालूम। कुछ भी होता है, उसके लिएमुझे जिम्मेदार ठहराया जाता है। वे मुझे याद किए बिना नहीं सो सकते हैं।

### >>> भाजपा पर बरसे शिवकुमार

शिवकुमार ने आरोप लगाया कि विधान परिषद में भाजपा एमएलसी ने हेब्बलकर के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां की थी। उन्होंने कहा, "भाजपा उनका (रवि) समर्थन कर रही है, क्योंकि वे पार्टी के सदस्य हैं। यह ठीक नहीं है। अगर कोई गलत है तो उसकी निंदा की जानी चाहिए। अगर किसी ने मेरी पार्टी में ऐसा किया होता तो मैं उसकी निंदा करता। अशोक (विपक्ष के नेता) उनका (रवि) समर्थन कर रहे हैं। वे इस अपराध में एक पक्ष हैं।"

## 'पाकिस्तान के मिसाइल कार्यक्रम पर हमारी बारीकी से नजर', विदेश मंत्रालय ने कहा- घटनाक्रम को लेकर हम अलर्ट

भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह अपनी सुरक्षा पर असर डालने वाले 'सभी घटनाक्रमों पर बहुत बारीकी से नजर रखता है' और नई दिल्ली 'उचित रूप से कार्रवाई करता है'। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर भारत के रुख के बारे में पूछे जाने पर यह बात कही। साप्ताहिक मीडिया ब्रीफिंग में पूछे गए सवाल कि पड़ोसी देश के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम पर नई दिल्ली का क्या रुख है। इस पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने संवाददाताओं से कहा, 'जैसा कि आप जानते हैं कि हम अपनी सुरक्षा और अपने हितों पर असर डालने वाले सभी घटनाक्रमों पर बहुत बारीकी से नजर रखते हैं और हम इन बातों को बहुत गंभीरता से लेते हैं और उचित रूप से कार्रवाई करते हैं।' बता दें कि, दो दिन पहले, अमेरिका ने पाकिस्तान के बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रम में योगदान देने के आरोप में चार पाकिस्तानी संस्थाओं पर प्रतिबंध लगा दिए थे, जिनमें सरकारी स्वामित्व वाली प्रमुख एयरोस्पेस और रक्षा एजेंसी - नेशनल डेवलपमेंट कॉम्प्लेक्स (एनडीसी) भी शामिल है।

# 'टीबी उन्मूलन अभियान में सक्रिय रूप से शामिल हों: मंत्री नड्डा



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने शनिवार को सभी राज्यों और केंद्रीय शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों, उप राज्यपालों और स्वास्थ्य मंत्रियों के साथ डिजिटल माध्यम से बैठक की। बैठक में उन्होंने सभी से अगले सौ दिनों में तेजी से टीबी उन्मूलन अभियान को आगे बढ़ाने का आग्रह किया। नड्डा ने सुझाव दिया कि जन भागीदारी की भावना के साथ अन्य मंत्रालयों और विभागों को भी इस अभियान में शामिल किया जाए, जैसा कि राष्ट्रीय स्तर पर किया गया है। इसके अलावा, उन्होंने विधानसभा सदस्यों (एमएलए), नगर निगम के पार्षदों और पंचायती राज संस्थाओं को भी इस अभियान में सक्रिय रूप से शामिल करने को कहा, ताकि समाज को जागरूक किया जा सके।

### नि-क्षय मित्रों ने 8.63 लाख मरीजों को गोद लिया

नि-क्षय मित्रों की संख्या भी बढ़ी है। अब तक 1,630 नए नि-क्षय मित्र पंजीकृत हुए हैं, जिन्होंने 12 हजार से ज्यादा मरीजों को गोद लिया है। अब तक कुल मिलाकर 1.8 लाख नि-क्षय मित्रों ने 8.63 लाख मरीजों को गोद लिया है। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी पक्षों से अपील की कि वे टीबी उन्मूलन में अपना सहयोग दें और इसे सफल बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

### टीबी से मौतों में 21.4 फीसदी गिरावट आई: जेपी नड्डा

स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि भारत में टीबी के मामलों में 2015 से 2024 तक 17.7 फीसदी की गिरावट आई है, जो वैश्विक औसत (8.3 फीसदी) से दोगुना है। उन्होंने यह भी कहा कि बीते दस वर्षों टीबी के कारण मौतों में 21.4 फीसदी की गिरावट आई है। उन्होंने टीबी के मरीजों को सक्रिय रूप से जांच, स्क्रीनिंग और निदान के महत्व पर जोर दिया और राज्यों के प्रतिनिधियों से अपील की कि वे टीबी उन्मूलन अभियान की निगरानी और प्रचार में शामिल हों।

### >> 16 लाख लोगों को मिला लाभ

इस अभियान के तहत अब तक 53 लाख लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिसमें 2.21 लाख लोगों का परीक्षण किया गया और 22,178 नए मरीजों का निदान हुआ। इसके अलावा, नि-क्षय पोषण योजना के तहत 17,621 लाभार्थियों को डीबीटी (डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर) किया गया है और कुल 16 लाख लाभार्थियों को 416 करोड़ रुपये का लाभ दिया गया है।

सके।

लेकिन इन चुनौतियों ने भारतीय उद्यमियों के लिए नए अवसर भी पैदा किए हैं। सीडीएस चौहान '21वें युवा भारतीय राष्ट्रीय सम्मेलन- गर्व से जियो' को डिजिटल माध्यम से संबोधित कर रहे थे। जनरल चौहान ने कहा, आज दुनिया में बड़े बदलाव हो रहे हैं, जिनसे तकनीकी, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और जनसांख्यिकी जैसे कई क्षेत्रों में चुनौतियां पैदा हो रही हैं।

जिनसे तकनीकी, अर्थव्यवस्था, पर्यावरण और जनसांख्यिकी जैस्रे कई क्षेत्रों में चुनौतियां पैदा हो रही हैं।

# शपथ ग्रहण समारोह के बाद विभाग बंटवारे की लिस्ट में भी मां का नाम, सीएम फडणवीस ने दिखाई थी राह

नूना न्यूज एजेंसी।

**मुंबई।** महाराष्ट्र में इन दिनों राज्य सरकार की तरफ से मातृशक्ति को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसकी शुरूआत राज्य के नए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तरफ से अपने शपथ ग्रहण समारोह में की गई थी। जहां उन्होंने मराठी भाषा में शपथ लेते हुए अपने नाम के साथ पहले अपनी मां का नाम फिर अपने पिता का नाम लिया था। इसे उसी वक्त उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ले रहे पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने भी ऐसा ही किया। ये पहला मौका था जब किसी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में मुखिया और उप मुखिया की तरफ से मां का नाम लिया गया था। इसके बाद आज शनिवार 21 दिसंबर को राज्य सरकार की तरफ से मंत्रियों के विभागों का बंटवारा किया गया है। इसमें भी वहीं देखने को मिला है, राजभवन से जारी मंत्रियों में विभाग के बंटवारे वाली सूची में सभी मंत्री के नाम के साथ उनके मां और पिता का नाम लिखा हुआ है।



### पहले सीएम फडणवीस, फिर सभी ने किया अनुसरण

बता दें कि महाराष्ट्र समेत दक्षिण के राज्यों में आमतौर पर अपने नाम के साथ पिता का नाम जोड़ने की बहुत पहले से ही परंपरा रही है, लेकिन पहली बार मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तरफ से शुरू की गई ये परंपरा आगे भी देखने को मिली। राज्य में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम आने के 12 दिन बाद जहां तीन नेताओं ने इसकी शुरूआत की, वहीं चुनावी नतीजे जारी होने के 21 दिन बाद हुए कैबिनेट विस्तार के दौरान भी यही हुआ। तब 39 मंत्रियों ने शपथ ग्रहण के दौरान अपने नाम के साथ पहले मां और फिर पिता के नाम लिया।

### महाराष्ट्र में 42 कैबिनेट की मंत्रियों की संख्या

महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री और दो उपमुख्यमंत्रियों के साथ राज्य सरकार के कैबिनेट में मंत्रियों की संख्या 42 हो गई है। इसमें भाजपा के 19, एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना के 11 और अजीत पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के 9 मंत्री बने हैं। राज्य सरकार में कुल चार महिलाएं भी मंत्री बनाई गईं हैं।

# भारत निर्माण के लिए गैर सरकारी संस्थाओ का बढ़ा योगदान : सुनील शर्मा।

## महाकुम्भ से पहले एनजीओ का महाकुम्भ

### ››› एनजीओ फंडिंग गोष्ठी में गुरु सीए राजेश वर्मा ने तोडा अपना ही विश्व रिकॉर्ड



**नई दिल्ली :** सामजिक सरोकार मे गैर सरकारी संस्थाओ का बहुत बड़ा योगदान होता है, संस्थाओ के माध्यम से करोड़ों लोगो का जीवन यापन मजबूत हो रहा है, वहीं रोजगार देने में भी सहायक है यह कहना है एनजीओ गुरु प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ सीए राजेश वर्मा का, अबतक कई संस्थाओ का महा सम्मेलन करा चुके उन्हें आसान राहा दिखने में भी मदद कर रहे है, उन्होंने अपना ही पिछला रिकॉर्ट तोड़ा है, आज लेमन ट्री होटल में सैकड़ो गैर सरकारी संस्थाओ के संचालक महाकुम्भ के सेमिनार में उपस्थित रहे। इस सेमिनार के माधयम से सीए राजेश वर्मा ने बताया की कैसे एनजीओ को फंडिंग लेने के लिए क्या- क्या आवश्कताएँ होती है, कहाँ -कहाँ से फंडिंग मिलेगी, फंडिंग प्रपोजल कैसे तैयार करना है, कैसे अप्लाई करना है के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी क वहीं हर सम्भव मदद का भरोसा दिया। उन्होंने घोषणा की कि आगामी 10, से 12जनवरी 2025 को विशेष प्रशिक्षण केम्प लगाया जायेगा। मुख्य रूप से उपस्थित उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री सुनील शर्मा (आईटी, एंड इलेक्ट्रोनिक्स) नें सभी संस्थाओ के संचालको को बधाई देते हुए कहा कि मोदी जी के स्वप्न और मिशन भारत को विश्वगुरु एवं 10 ट्रिलियन की इकॉनमी बनाने में एनजीओ सेक्टर का महत्वपूर्ण योगदान होगा, जनता की सेवा हो या माइक्रो स्तर पर प्रोडक्ट,सेवा और सहयोग की डिलीवरी करनी हो, बिना एनजीओ के कल्पना भी नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि मोदी जी के मिशन , सरकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे इसमें एनजीओ सेक्टर की महत्वपूर्ण भूमिका होगी । सेमिनार में मुख्य एवं विशेष अतिथि के रूप में आये , कपिल देव अग्रवाल जी ( मिनिस्टर ऑफ वोकेशनल एजुकेशन & स्किल डेवलपमेंट गवर्नमेंट ऑफ उत्तर प्रदेश ), डॉ बी. रामास्वामी (प्रेसिडिंग अफसर, स्टैंडिंग हियरिंग कमिटी , एआईसीटीए गवर्नमेंट ऑफ इंडिया ), मनोज यादवा जी ( डी जी पी एंड चीफ ऑफ रेलवे सुरक्षा बल ), अतीक अहमद जी ( कमिश्नर ऑफ इनकम टैक्स ), शालिनी सिंह जी (कैपिटल गुड्स एंड स्ट्रेटेजिक स्किल्स कौंसिल ) साथ ही सैकड़ो नयी संस्था खोलने के लिये भी समाजिक कार्यकर्त्ता उजस्थित रहे।

## बीकानेर हाउस के संडे मार्किट को सैकड़ो लोगो ने सराहा।

# क्रिसमस थीम पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों का स्कूली बच्चों सहित हर वर्ग के लोगों ने लिया आनंद।



**नई दिल्ली, 22 दिसम्बर, 2024।** नई दिल्ली के इंडिया गेट स्थित बीकानेर हाउस में रविवार को लगने वाले संडे मार्केट में क्रिसमस थीम पर आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में सैकड़ों लोगों ने उपस्थित होकर खूब आनंद लिया। आवासीय आयुक्त कार्यालय के अधिकारियों ने बताया कि हर सप्ताहांत में रविवार को लगने वाले इस संडे मार्किट में इस बार क्रिसमस त्योहार के उपलक्ष्य में बीकानेर हाउस परिसर को क्रिसमस थीम के अनुरूप सजाया गया था। जिसके लिए क्रिसमस ट्री के साथ सेंटा क्लॉस भी बनाया गया था। जिसने उपस्थित बच्चों और युवाओं को टॉफी एवं अन्य उपहार वितरित किए। उन्होंने बताया कि इस अवसर पर दिल्ली के प्रसिद्ध स्कूल के विद्यार्थियों ने विशेष रूप से संडे मार्किट का भ्रमण कर आनंद लिया। मार्किट में क्रिसमस थीम के संगीत के साथ ही सूफी गीतों की मधुर मैंडोलिन प्रस्तुत की गई। इसके अतिरिक्त प्रसिद्ध गिटारिस्ट सौरभ सिंह और सावन द्वारा लोकप्रिय गीतों की भावपूर्ण गिटार प्रस्तुति की गई। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के अंत में शाम को म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें पारस ग्रोवर विजेता बने। पूरे दिन विशेष प्रदर्शन, खेल, नुक्कड़ नाटक और क्रिसमस गायन का आयोजन किया गया। बाजार में जैविक उत्पाद, टिकाऊ फैशन, भोजन, आभूषण, प्राचीन वस्तुएँ आदि का प्रदर्शन किया गया। लोगों में बाजार के प्रति जबरदस्त उत्साह और उमंग दिखा। उन्होंने बताया कि मार्किट में मौसम के अनुरूप विभिन्न प्रकार के खाने के स्टॉलों का भी प्रदर्शन किया गया था जिसमें सरसों के साग इत्यादि का स्वाद सभी आगंतुकों को खूब रास आया। उन्होंने बताया कि 10 नवंबर 2024 से हर रविवार को आयोजित होने वाले इस संडे मार्किट में आगामी रविवारों को भी एक नई थीम के साथ मार्किट को और अधिक आकर्षक बनाया जाएगा। जिसके अंतर्गत नव वर्ष, मकर सक्रांति 26 जनवरी थीम मुख्य रहेंगी।

# प्रभावी अभिव्यक्ति के लिए भाषा की मानसिक चिन्तन प्रक्रिया भी उसी भाषा में होनी चाहिए - कुलपति प्रो वरखेडी



**दिल्ली, प्रो अजय कुमार मिश्रा, संयोजक मीडिया प्रकोष्ठ आईकेएस व पीआरओ,सीएसयू।**

**दिल्ली।** कुलपति प्रो श्रीनिवास वरखेडी ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय तथा जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के संस्कृत अध्ययन केन्द्र के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित संस्कृत अध्ययन केन्द्र कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में कहा कि प्रभावी अभिव्यक्ति के लिए भाषा की मानसिक चिन्तन प्रक्रिया भी उसी भाषा में होनी चाहिए । इस दृष्टि से संस्कृत भाषा का महत्त्व तो और अधिक प्रतीत होता है। अपने वक्तव्य में उन्होंने भाषा महात्म्य, उसके मनोविज्ञान तथा भाषा वैज्ञानिक महत्त्वों पर प्रकाश डालते हुए यह भी कहा कि किसी भी अभिव्यक्ति में सटीकता तथा व्यापकता तभी तात्त्विक हो पाती है ,जब हम जिस भाषा में बोलना चाहते हैं, उस भाषा की मानस चेतना की चिन्तन प्रक्रिया भी उसी भाषा के भाव से सर्वथा सिक्त हो। ध्यातव्य है कि इस बैठक में जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय के कुलानुदेशक प्रो व्रजेश कुमार पाण्डेय, संस्कृत संकाय के वर्तमान तथा पूर्व अध्यक्ष क्रमशः प्रो रजनीश कुमार मिश्रा तथा प्रो उपेन्द्र राव, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय( दोनों ) के साथ साथ अनेक विद्वान तथा विदुषी भी उपस्थित रहें। युवा विद्वान डा टि. महेन्द्र, सहायक आचार्य, संस्कृत विभाग ,जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम का संचालन किया।

# स्व. बिमला रानी मल्होत्रा की पुण्यतिथि को सेवा दिवस के रूप में मनाया

### करोल बाग में भव्य कीर्तन और लंगर का आयोजन



लंगर का आयोजन करते गणमान्य

नई दिल्ली, दिसंबर : समाजसेवी और कोरोना योद्धा चरणजीव मल्होत्रा ने अपनी मां स्व. बिमला रानी मल्होत्रा की पुण्यतिथि पर गरीब और जरूरतमंद लोगों की सहायता कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर करोल बाग स्थित उनके निवास पर भव्य कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में गरीबों और असहाय लोगों को राशन किट, गर्म कपड़े और अन्य आवश्यक वस्तुएं वितरित की गई। चरणजीव मल्होत्रा ने कहा कि मेरी मां की स्मृतियां, उनके सिद्धांत और उनकी मुस्कान हमेशा हमारे जीवन के लिए प्रेरणा रही हैं। उनकी पुण्यतिथि को हमने सेवा दिवस के रूप में मनाया, क्योंकि सेवा ही उनका सबसे बड़ा आदर्श था।

सुबह के कीर्तन के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई और इसके बाद दोपहर 1 बजे से लंगर का आयोजन हुआ। बड़ी संख्या में स्थानीय लोग, समाजसेवी और परिचित इस कार्यक्रम में शामिल हुए और स्वर्गीय बिमला रानी जी को श्रद्धांजलि अर्पित की। चरणजीव मल्होत्रा की पहल ने समाज के हर वर्ग को सेवा के महत्व का संदेश दिया। उन्होंने गरीब और जरूरतमंदों की मदद के माध्यम से अपनी मां की स्मृतियों को जीवंत किया और समाज में मानवता और करुणा का उदाहरण प्रस्तुत किया।

# तंत्र विद्या से समस्याएं दूर करने का झांसा देकर नकदी गहने ठगे

### पुलिस ने 24 घंटे के अंदर ही आरोपी को किया गिरफ्तार

हिसार, दिसंबर : थाना अर्बन एस्टेट पुलिस ने घर की समस्याएं तंत्र विद्या से मिटाने और सुख समृद्धि लाने का झांसा देकर 1 लाख 42 हजार रुपए और गहने ठगने के मामले में पुलिस ने नामजद आरोपी धनौरी जिला कैथल निवासी कृष्ण उर्फ फतन को गिरफ्तार किया है।

जांच अधिकारी एएसआई विरेंद्र सिंह ने बताया कि थाना अर्बन एस्टेट में विद्युत नगर हजार निवासी राममेहर ने घर की समस्याएं तंत्र विद्या से मिटाने और सुख समृद्धि लाने का झांसा दे 1 लाख 42 हजार रुपए और गहने ठगने के बारे में नामजद आरोपी कृष्ण उर्फ फतन के खिलाफ शिकायत दी थी। जिसमें शिकायतकर्ता ने बताया कि मेरे किसी दोस्त ने मेरी मुलाकात फोन पर धनौरी निवासी कृष्ण बाबा से करवाई जो अपने आप को जिन्न माता तांत्रिक बताता है। कृष्ण बाबा ने कहा कि आपके घर में बड़ी समस्या है उसका इलाज करना पड़ेगा उसके लिए मुझे आपके घर आना पड़ेगा। फिर 10 दिन पहले वो मेरे सरकारी क्वार्टर पर आया और सारे घर में ध्यान लगाके बोला कि बड़ी समस्या है, इस घर में उसके लिए पहरा लगाना पड़ेगा जोकि 31900 रुपए का लगेगा और जितना घर में सोना है वो पहरे में रखना पड़ेगा, सवा मीटर कपड़ा लगेगा, एक काले बैंग में डाल के ये बैग आपके घर एक अलमारी में ही रहेगा और 10 दिन बाद यह बैग खोलना है और सारी समस्या का समाधान हो जाएगा। शिकायतकर्ता ने 32000 रुपए उसके अकाउंट में डाल दिए और इसने कैस करवा के, 3 जोड़ी सोना के कान के झुमके उनको दे दिए, उसने कुछ तान्त्रिक क्रिया करके वो बैग मुझे दे दिया और बोला कि 10 दिन बाद मेरे से बात करके ये बैग खोल लेना। इसके बाद वह अलग अलग टाइम पर 1 लाख 42 हजार रुपए ले गया। बैग खोलने पर उसमें से नकली गहने और चिल्ड्रन बैंक के कुछ रुपए मिले। पुलिस ने 20 दिसंबर 2024 को दी गई शिकायत पर थाना अर्बन एस्टेट में उक्त नामजद कृष्ण उर्फ फतन के खिलाफ केस दर्ज कर 24 घंटे के अंदर ही उक्त आरोपी को गिरफ्तार किया है।

# पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की स्मृति को समर्पित दिल्ली में भव्य कार्यक्रम आयोजित



कार्यक्रम में हिस्सा लेते गणमान्य

नई दिल्ली, दिसंबर : प्रधानमंत्री संग्रहालय नई दिल्ली में अटल फाउंडेशन द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की याद में अटल सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में उन व्यक्तियों और संगठनों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने समाज और देश के लिए विशेष योगदान दिया है।

समारोह में 35 लोगों को अलग-अलग श्रेणियों में सम्मानित किया गया। समारोह में कई प्रमुख मेहमानों की उपस्थिति रही, जिनमें नारायण जाटिया, पूर्व राज्यसभा सांसद, डॉ. अशोक अग्रवाल, अध्यक्ष, एलवीएफ, अविनाश राय खन्ना, सांसद और रेड क्रॉस सोसाइटी के उपाध्यक्ष, डॉ. आचार्य राजेश ओझा जी महामंडलेश्वर, अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रम की अध्यक्षता श्याम जाजू पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भाजपा, जयपुर की सांसद मंजू शर्मा शामिल थे।

इन प्रमुख व्यक्तियों ने समारोह की गरिमा को और बढ़ाया। इस वर्ष अटल गौरव सम्मान 29 श्रेणियों में प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करने वालों में पंकज मोर्या (पूर्वी उत्तर प्रदेश), जिन्हें पालक देखभाल में उनके प्रभावी कार्य के लिए सम्मानित किया गया, आयन सरकार (त्रिपुरा), जिन्होंने जैविक कृषि में नवाचार किया, मदनलाल (गुजरात), जिन्होंने रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण योगदान दिया और गौरव मित्तल (पश्चिमी उत्तर प्रदेश), जिनकी सामाजिक कार्यों में भूमिका सराहनीय रही। साथ ही अटल इंटरनेशनल अवार्ड 11 श्रेणियों में प्रदान किया गया।



कनॉट प्लेस में व्यापारी बैठक में एन.डी.टी.ए. अध्यक्ष ने भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा को व्यापार सुझाव पत्र सौंपा।

# कृषि में महिलाओं के असाधारण योगदान को मान्यता

नई दिल्ली, दिसंबर : पेप्सिको इंडिया ने कृषि क्षेत्र में महिलाओं के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से नई दिल्ली में रेवोल्यूशनरी कांफ्रेंस एंड अवाड्र्स 2024 का आयोजन किया। यह मंच महिलाओं के असाधारण योगदान को पहचानते हुए उन्हें सम्मानित करने के लिए समर्पित है।

कार्यक्रम में भारत भर से दस महिला किसानों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट योगदान दिया। लिंग भेदभाव तोड़ने और सर्वोत्तम खेती प्रथाओं को लागू करने, महिला स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आर्थिक सशक्तिकरण, सतत कृषि में नवाचार, स्वदेशी खाद्य प्रणालियों का संरक्षण और संवर्धन, तथा कृषि में युवा नवप्रवर्तन। इन विजेताओं का चयन प्रो. रमेश चंद के नेतृत्व वाली जूरी ने किया।

मुख्य अतिथि डॉ. राज भूषण चौधरी, स्मृति ईरानी और अजीत बालाजी जोशी ने पुरस्कार वितरित किए। उन्होंने महिलाओं के नेतृत्व और योगदान की सराहना करते हुए इसे प्रोत्साहित करने की आवश्यकता पर जोर दिया। यह आयोजन महिला सशक्तिकरण और कृषि में उनकी भागीदारी को एक नई दिशा देने का प्रतीक है।

## मीटर ठीक करते करंट लगने से युवक झुलसा

सोनीपत, दिसंबर : आईटीआई चौक के पास शनिवार दोपहर बिजली मीटर में आई तकनीकी खराबी को ठीक करते समय एक युवक को अचानक करंट लग गया, जिससे वह झुलस गया। इस दौरान मीटर में आग लग गई। धुआं उठने के बाद वहां से गुजर रहे लोग भी एकत्रित हो गए। इसके बाद उन्हें निजी अस्पताल में उपचार कराया गया। उपमंडल अभियंता विक्की गहलावत ने बताया कि आईटीआई चौक के पास टावर के मीटर में छेड़खानी करते अचानक युवक को करंट लगा है। बिजली निगम कार्यालय में मीटर को ठीक कराने के लिए कोई भी शिकायत दर्ज नहीं हुई और न ही बिजली निगम के टोल फ्री नंबर 1912 पर भी कोई शिकायत दर्ज हुई। युवक को करंट लगने के बाद उन्हें जोर का झटका लगा और वह झुलस गया। तभी मीटर में आग लग गई। टीम को भेजकर मामले की गंभीरता से जांच की जाएगी।

# विराज प्रोफाइल्स को कार्यस्थल संस्कृति में उत्कृष्टता के लिए मार्क्समेन पुरस्कार मिला

नई दिल्ली, दिसंबर : विराज प्रोफाइल्स, जो स्टेनलेस स्टील विनिर्माण में वैश्विक अग्रणी है, को 2024-2025 के लिए विनिर्माण क्षेत्र में सबसे पसंदीदा कार्यस्थल के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है। यह प्रतिष्ठित सम्मान हाल ही में नई दिल्ली के द ललित होटल में आयोजित मार्क्समेन के सबसे पसंदीदा कार्यस्थल पुरस्कार समारोह में प्रदान किया गया। इस पुरस्कार को दिलीप घोरपड़े, समूह सीएचआरओ और हरीश आहूजा, वरिष्ठ प्रबंधक, कॉर्पोरेट संचार ने विराज प्रोफाइल्स की ओर से प्राप्त किया। यह पुरस्कार कंपनी के समावेशी, रचनात्मक और सशक्त कार्यस्थल संस्कृति विकसित करने के प्रति समर्पण को मान्यता देता है, जो कर्मचारी खुशी और कॉर्पोरेट सफलता को बढ़ावा देता है। मार्क्समेन के सबसे पसंदीदा कार्यस्थल पुरस्कार उन संगठनों को सम्मानित करते हैं। दिलिप घोरपड़े ने कहा कि यह पुरस्कार हमारे लोगों पर केंद्रित कार्यस्थल बनाने के प्रयासों का प्रमाण है, जो नवाचार और अखंडता को महत्व देता है। हरीश आहूजा ने कहा, यह सम्मान हमें और प्रेरित करता है, हम और अधिक उत्कृष्टता की ओर अग्रसर होंगे।

# भारतीय सैन्य अकादमी में 340 अधिकारियों ने मनाई सिल्वर जुबली

नई दिल्ली, दिसंबर : भारतीय सैन्य अकादमी के 105 रेगुलर और 88 टेक कोर्स के 340 अधिकारियों ने अपनी कमीशनिंग की सिल्वर जुबली बड़े धूमधाम से मनाई। इस ऐतिहासिक समारोह में अधिकारी अपने परिवारों और शहीद साथियों के परिजनों के साथ शामिल हुए।

11 दिसंबर 1999 को 557 युवा कैडेट्स ने चेतवुड बिल्डिंग के पीछे आयोजित पासिंग आउट परेड में अंतिम पग पार कर लेफ्टिनेंट के रूप में भारतीय सेना में प्रवेश किया था। इन 557 कैडेट्स में 18 विदेशी मित्र देशों के कैडेट्स भी शामिल थे। बीते 25 वर्षों में इस कोर्स के अधिकारियों ने बहादुरी, बलिदान और नेतृत्व का अद्वितीय परिचय दिया है। इनमें से कई को अशोक चक्र, शौर्य चक्र, कीर्ति चक्र और सेना मेडल जैसे वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है।

समारोह की शुरुआत आईएमए वॉर मेमोरियल पर शहीद साथियों को श्रद्धांजलि अर्पित करने से हुई। इसके बाद चेतवुड बिल्डिंग के सामने समूह फोटो लिया गया और अधिकारियों ने उन गलियारों का दौरा किया, जहां उन्होंने प्रशिक्षण लिया था। लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि इस कोर्स के 32 अधिकारी देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर चुके हैं, जिनमें मेजर मोहित शर्मा (अशोक चक्र), मेजर दिनेश रघु रामन (अशोक चक्र) और कैप्टन डीके झा (कीर्ति चक्र) जैसे वीर शामिल हैं।

# यमुना में बढ़ा अमोनिया का स्तर

## कई इलाकों में हुई पानी की कमी




**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में पानी की काफी अधिक कमी हो गई है। दिल्ली जल बोर्ड ने इसकी जानकारी दी है। जल बोर्ड ने शनिवार को बताया कि लोगों को जल संकट से जूझना पड़ेगा। इसकी सूचना जल बोर्ड ने दी है। दिल्ली की जनता को कुछ दिन के लिए पानी की किल्लत से जूझना पड़ सकता है। दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) ने शनिवार को लोगों को संभावित जल संकट के बारे में सचेत किया है। जल बोर्ड के मुताबिक यमुना नदी में अमोनिया का स्तर बढ़ गया है। इस कारण वजीराबाद जल उपचार संयंत्र में पानी का उत्पादन प्रभावित हुआ है। पानी का उत्पादन प्रभावित होने से डिफेंस कॉलोनी, ग्रेटर कैलाश, आईटीओ, राजघाट, लोक नायक अस्पताल, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों, छावनी क्षेत्र के कुछ हिस्सों और दक्षिण दिल्ली सहित कई क्षेत्रों में लोगों को पर्याप्त पानी नहीं मिलेगी। यहां पानी की आपूर्ति प्रभावित हुई है। दिल्ली जल बोर्ड की ओर से जारी बुलेटिन की मानें तो अमोनिया का स्तर 5 पाट्र्स प्रति मिलियन से अधिक होने के कारण प्रमुख जल उपचार संयंत्र में पानी का उत्पादन 25 से 50 प्रतिशत तक कम हो जाएगा। इसमें कहा गया है कि सुधार होने तक प्रभावित क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति कम दबाव पर की जाएगी। डीजेबी के एक अधिकारी के अनुसार, डीजेबी के जल उपचार संयंत्र 1 भाग प्रति मिलियन तक अमोनिया को संभाल सकते हैं, और इससे अधिक क्लोरीनीकरण संयंत्र की क्षमता से अधिक है। वजीराबाद संयंत्र जिसकी क्षमता 131 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) है, को कैरियर लाइन्ड चैनल या मुनक नहर और यमुना नदी की धारा से पानी मिलता है। नदी चैनल से कच्चा पानी औद्योगिक अपशिष्ट (जैसे उर्वरक, रंग और प्लास्टिक) और विघटित कार्बनिक पदार्थ ले जाता है, जो अमोनिया के स्त्रोत हैं - यह समस्या विशेष रूप से सर्दियों के मौसम में प्रदूषकों की उच्च सांद्रता के कारण बढ़ जाती है, क्योंकि नदी की ऊपरी धारा में बारिश की कमी के कारण नदी सिकुड़ जाती है।

# उपराष्ट्रपति धनखड़ ने सांसदों की जवाबदेही की वकालत की

**दिल्ली।** संसद में व्यवधान के कारण कामकाज कम होने की पृष्ठभूमि में, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को सांसदों की जवाबदेही की वकालत की और कहा कि लोग सांसदों को यह सोचने पर मजबूर करें कि उन्हें संसद में क्यों भेजा गया। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी लोकतंत्र की सफलता के लिए अभिव्यक्ति और संवाद दोनों बड़ी जिम्मेदारी के साथ-साथ चलने चाहिए। राज्यसभा के सभापति धनखड़ ने सांसदों के बीच जवाबदेही का आह्वान करते हुए कहा, कोई गलती न करें, मैं सांसदों का जिक्र कर रहा हूं। लोगों ने अव्यवस्था को व्यवस्था के रूप में लेना सीख लिया है। आधिकारिक बयान के अनुसार, उपराष्ट्रपति ने कहा, लोग आपको (सांसदों) सोचने पर मजबूर करेंगे कि आप वहां (संसद) क्यों गए थे? चौधरी चरण सिंह पुरस्कार, 2024 के विजेताओं को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि कृषि ग्रामीण विकास की रीढ़ है। उन्होंने कहा, जब तक कृषि का विकास नहीं होता, ग्रामीण परिदृश्य को बदला नहीं जा सकता। और जब तक ग्रामीण परिदृश्य नहीं बदलता, हम विकसित राष्ट्र बनने की आकांक्षा नहीं कर सकते। उन्होंने कहा कि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए लोगों की आय में आठ गुना वृद्धि होनी चाहिए। उपराष्ट्रपति ने कहा कि यह एक कठिन चुनौती है। धनखड़ ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

# नोएडा में आयोजित टीबीडी टेक्सटाइल कनेक्ट शिखर सम्मेलन, उत्तर प्रदेश सरकार का समर्थन

नोएडा, दिसंबर : नोएडा के इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित टीबीडी टेक्सटाइल कनेक्ट शिखर सम्मेलन ने कपड़ा और परिधान उद्योग में मानव संसाधन प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया। इस आयोजन को भारत सरकार के कपड़ा मंत्रालय और उत्तर प्रदेश सरकार का समर्थन प्राप्त था। सम्मेलन का उद्देश्य उद्योग को संरचित मानव संसाधन प्रथाओं के महत्व के प्रति संवेदनशील बनाना और संगठनात्मक विकास को बढ़ावा देना था।



जानकारी देते कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह

कपड़ा मंत्रालय में अपर सचिव रोहित कंसल ने कपड़ा विभाग के प्रधान सचिव आलोक कुमार की उपस्थिति में शिखर सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर वेलस्पन, वर्धमान और ट्राइडेंट जैसी प्रमुख कंपनियों के शीर्ष अधिकारियों ने पैनल चर्चाओं में भाग लिया। इन चर्चाओं में प्रतिभा अधिग्रहण, कर्मचारी भागीदारी, विविधता और समावेशन जैसे विषय शामिल थे। प्रतिभागियों ने मानव संसाधन प्रबंधन में नवीनतम रुझानों और प्रथाओं के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त की।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में टीबीडी पुरस्कार प्रदान किए गए, जिनके माध्यम से मानव संसाधन प्रबंधन में उत्कृष्ट योगदान देने वाले संगठनों और व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने पुरस्कार विजेताओं को सम्मानित किया और उद्योग में मानव संसाधन उत्कृष्टता को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

इस आयोजन की एक और खासियत अनोखा फैशन शो था, जिसमें बुनकर परिवारों की युवा लड़कियों ने अपने हाथों से बनाए गए वस्त्र पहनकर रैंप वॉक किया। यह शो ग्रामीण भारत की सशक्तिकरण और मुख्यधारा से जुड़ने की तत्परता को दर्शाता है।

# यमुनानगर

## सार संक्षेप

### इनरव्हील क्लब के सदस्यों की पिकनिक



पिकनिक कार्यक्रम में भाग लेते क्लब के सदस्यगण।

**यमुनानगर :** इनरव्हील जगाधरी-यमुनानगर क्लब ने क्लब के सदस्यों को एक साथ लेकर पिकनिक का कार्यक्रम मनाया। यह पिकनिक कार्यक्रम ताजेवाला रैस्ट हाउस में किया, जहांक्लब के 40 सदस्य शामिल रहे। क्लब की अध्यक्षा नीलिमा सैनी ने बताया कि कार्यक्रम में वरिष्ठ सदस्यों और बाकी क्लब सदस्यों ने खूब आनंद लिया। सुबह 11 बजे से लेकर दोपहर 4 बजे तक सभी ने मिलकर खूब मस्ती की व गेम्स खेली, जिसका सभी ने भरपूर आनन्द उठाया। इसी के साथ नाश्ते से लेकर लंच तक का पूरा प्रबंध किया गया था। इस दौरान क्लब के सदस्य अपना कैटरर खुद ही अरेंज करके साथ लेकर गए। इसी के साथ नई टीम जो जुलाई में आएगी, उसके सदस्यों की भी घोषणा की गई। क्ल के सभी सदस्यों ने इस पिकनिक कार्यक्रम को खूब सराहा और क्लब की अध्यक्षा नीलिमा सैनी का धन्यावाद किया। कार्यक्रम में क्लब की अध्यक्षा नीलिमा सैनी के साथ चेयरमैन बेला विनायक व अन्य सदस्यगण मौजूद थे।

### प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर आई खालसा कॉलेज की टीम



प्रतियोगिता में विजेताओं को सम्मानित करते हुए

**यमुनानगर :** गुरु नानक खालसा कॉलेज के बी.ए प्रथम वर्ष के विद्यार्थी आदित्य ने जिला प्रशासन, यमुनानगर द्वारा सडक सुरक्षा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के प्रथम और द्वितीय चरण को पार कर तृतीय चरण में लगभग 50 प्रतिभागियों से आगे निकलकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। यमुनानगर के डीएसपी कमलजीत द्वारा विद्यार्थी को पुरस्कृत किया गया। इस प्रतियोगिता का आयोजन डी.ए.वी पब्लिक स्कूल में किया गया था। कॉलेज प्राचार्या डॉ.प्रतिमा शर्मा ने विद्यार्थी को आशीर्वाद देकर उसका उत्साह बढ़ाया और सडक सुरक्षा सेल के संयोजक डॉ अनुराग तथा अन्य सदस्य प्रो मनीषा, प्रो.अनिका और प्रो.अनुरोध को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करते रहना चाहिए। कॉलेज गवर्निंग बॉडी और मैनेजिंग कमेटी के अध्यक्ष सरदार रणदीप सिंह जौहर ने भी छात्र तथा अध्यापको को बधाई दी।

### सरकारी डिपो से निरीक्षण के दौरान मिला कम राशन

**यमुनानगर :** जगाधरी की लक्कडहारण गली स्थित सरकारी डिपू से निरीक्षण के दौरान राशन कम पाया गया, जिसमें बाजरा, गेहूं, सरसों का तेल व चीनी शामिल है। पुलिस ने आरोपी डिपू संचालक संजीव कुमार के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार ाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग के निरीक्षण विशु गोयल ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि विभाग द्वारा जगाधरी की लक्कडहारण गली में संजीव कुमार को सरकारी डिपू अलाट किया हुआ है। उसे कई दिनों से शिकायत मिल रही थी कि आरोपी डिपू संचालक द्वारा लाभपात्रों को राशन कम दिया जा रहा है। सूचना मिलते ही उसने टीम के साथ डिपू का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डिपू से 6883 किलो बाजरा, 600 किलो गेहूं, 563 लीटर सरसों का तेल व 139.1 किलो चीनी कम मिली। जब इस बारे आरोपी डिपू संचालक से बात की तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उसने आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी डिपू संचालक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### प्राथमिक शिक्षकों के लिए बाल-बालिका कार्यशाला शुरू



पाँच दिवसीय कार्यशाला में भाग लेते हुए।

**सरस्वतीनगर :** निपुण भारत कार्यक्रम के अन्तर्गत निपुण हरियाणा में प्राथमिक शिक्षकों के लिए बाल-बालिका कार्यशाला का आयोजन खण्ड सरस्वतीनगर में किया जा रहा है। पांच दिवसीय कार्यशाला में विषय-वस्तु को किस प्रकार अधिक फलदायक बनाया जाए का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारम्भ खण्ड शिक्षा अधिकारी पिरथी सैनी एवं डाइट प्रवक्ता तरसेम द्वारा सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस मौके पर खण्ड शिक्षा अधिकारी पिरथी सैनी ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य दिन-प्रतिदिन आने वाले नए पाठ्यक्रमों से अध्यापकों को अवगत करवाना है,ताकि वे वर्तमान समय में अपने कार्य को सुचारू रूप से कर सके। वह विद्यार्थियों को नवाचार के माध्यम से दी जाने वाली नई जानकारी दे सके। इस कार्यशाला में शिक्षकों को विभिन्न क्रियाओं के माध्यम से बच्चों को किस प्रकार से नई-नई जानकारी उपलब्ध करवाई जा सकती है,आदि सिखाया जा रहा है। इस अवसर पर सभी बीआरपी व एबीआरसी उपस्थित रहे।

### ज्वैलर्स के साथ हुई लूट के मामलें में नहीं लगा कोई सुराग

**यमुनानगर :** वारदात के एक महीने बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। अब तक ज्वैलर्स की दुक़ान पर हुई डकैती के मामले को सुलझाने में नकाम है। क्योंकि अब तक न तो बदमाशों का पता चल पाया है और न ही कोई सुराग पुलिस के हाथ लगा है। जिन बाइकों पर बदमाशों ने डकैती की थी, वह जाते समय बदमाश यमुना में छोड गए थे। अब तक पुलिस के हाथ केवल बाइकें ही लगी है। इसके अलावा बदमाशों का आज तक कोई पता नहीं है। ऐसे में सारेआम शहर में हुई डकैती के बाद व्यापारियों में आक्रोश नजर आ रहा है कि वह अपने आपकों सुरक्षित कैसे समझे। बदमाशों को पकडना तो दूर अब तक गैंग की पहचान तक नहीं हुई। गौरबलत है कि 25 नवंबर को यमुनानगर में जगाधरी ईएसआई अस्पताल के सामने ज्वेलरी शोरूम में डकैती की वारदात हुई थी। दो बाइकों पर सवार होकर आए छह बदमाशों ने शोरूम में डकैती की वारदात को अंजाम दिया था। जब बदमाशें का ज्वैलर्स ने विरोध किया तो बदमाशों ने उसको गोली मार दी थी। जिस कारण वह वही गिर गया था। घायल को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां वह उपचाराधीन था। इस वारदात का खुलासा करने के लिए चार टीमों का गठन किया गया था। पुलिस की विभिन्न टीमें लगातार कुछ समय तो मामले की जांच करती रही। जांच में पुलिस के हाथ कुछ तथ्य लगे थे, वारदात में प्रयुक्त बाइक भी पुलिस ने यमुना नदी से बरामद कर ली थी। जांच में पता चला था कि बाइकों को सहारनपुर से लूटा गया था। इसके बाद यमुनानगर और सहारनपुर पुलिस ने बदमाशों को तलाश करने के लिए अभियान चलाया था। लेकिन, पुलिस अभी तक बदमाशों का सुराग नहीं लगा पाई है। पुलिस ने कुछ संदिग्धों से भी पूछताछ की थी। इसमें भी पुलिस को कोई सफलता नहीं मिली। वही मामले में पुलिस के संबंधित अधिकारियों का कहना है कि पुलिस की टीमें लगातार वारदात को सुलझाने में लगी हुई है, जल्द ही बदमाशों को पुलिस गिरफ्तार करेगी।

## बजिदपुर गाँव में जन सुरक्षा अभियान के तहत सीएफएल चिडाव की तरफ से एक वित्तीय साक्षरता शिविर का किया गया आयोजन

इंद्री / रविन्द्र डांगी

**करनाल।** आज गांव बजिदपुर में जन सुरक्षा अभियान के तहत जिला अग्रणी बैंक पंजाब नेशनल बैंक व सीएफएल चिडाव की तरफ से एक वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला अग्रणी प्रबंधक सुशील कुमार हंडूजा, पंजाब नेशनल बैंक महेश कुमार और बैंक मित्र प्रमोद कुमार व आरोह फाउंडेशन से अनु देवी ने मुख्य तौर पर शिरकत की। इसमें ग्रामवासियों को बैंक की योजनाओ से अवगत कराया गया, सीएफएल से आए हुए अनु देवी ने ग्रामवासियो को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा, अटल पेंशन के विषय में विस्तार से बताया।डिजिटल ट्रांजैक्शन के विषय में बताते हुए एलडीएम एस के हंडूजा ने बताया की आजकल हर कोई व्यक्ति डिजिटल प्लेटफार्म



का प्रयोग कर रहा हैं ये अच्छी बात हैं परंतु इसके साथ साथ कई परकार की सावधानियों का भी ध्यान रखें, अपना पिन, ओटीपी किसी के साथ सांझा न करे । किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करे। अगर आपका बच्चा आपका फोन चला रहा हैं तो ध्यान रखें की वह कोई ऐसी एप डाउनलोड न करे जिससे हमारा सारा डाटा लीक हो जाए । सतर्क रहकर ही डिजिटल प्लेटफार्म का प्रयोग करे।अगर किसी के साथ किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड हो जाए तो 1930 नंबर पर डायल करे। बैंक से आए हुए मैनेजर महेश कुमार ने बताया की अगर समूह के सदस्यों को आपस में लेनदेन करना हैं तो उसमे भी उन्हें डिजिटल होना चाहिए जिसके कारण उनके से सभी कार्य सरल व पारदर्शी हो जायेंगे इसमें समूह को अपना रिकॉर्ड रखने में भी आसानी होगी।और इसमें बैंक उनका पूर्णता सहयोग करेगा । इस अभियान में काफी संख्या में ग्रामवासियों ने भाग लिया। ग्रामवासियों को वित्तीय साक्षरता केंद्र चिडाव से अनु देवी ने बचत की बहुत सी योजनाओ।

## गांव कलवेहड़ी में बही श्रद्धा की बयार, बाबा राम दास की हुई जय जयकार

### बाबा राम दास गिरि काली कमली वाले की पावन स्मृति में 118वां विशाल भंडारा संपन्न

करनाल सुखविन्दर सोही

**करनाल।** गांव कलवेहड़ी में बाबा राम दास गिरि काली कमली वाले की पावन स्मृति में 118वां भंडारा गद्दीनशीन देवेंद्र बत्तरा की अध्यक्षता में लगाया गया। वैद्य देवेंद्र बत्तरा, दर्शना बत्तरा, डा. गौरव बत्तरा, डा. मानव बत्तरा, स्वामी ऋषि कुमार, स्वामी सत्यानंद, स्वामी सुख सागर, स्वामी परमानंद, देवेंद्रानंद, पंडित चेतन देव, शेखर शर्मा, पूर्व कमीश्नर महेंद्र मजोका ने पूजा अर्चना की। यज्ञ में आहुति डालकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद पूणार्हुति डालकर आरती की गई। महात्माओं का पुष्प वर्षा करके भव्य स्वागत किया गया। सभी संत समाज को रथ पर विराजमान कर बाबा जी की कुटिया पर गया। जहां बाबा राम दास जी के दर्शन किए गए। इसके बाद काले खान पीर बाबा के दर्शन किए गए। संचालन पंडित चेतन देव शर्मा ने किया। भजन संध्या में टीवी कलाकार मासूम ठाकुर, सदा मासूम ठाकुर ने एक से एक भजनों के माध्यम से समा बांध दिया। । इसके साथ समस्त संत समाज ने भजन संकीर्तन करते हुए प्रभु की महिमा का गुणगान किया। कार्यक्रम में श्रीरामभक्त





हनुमान की झांकी आकर्षण का केंद्र रही। बाबा राम दास विद्यापीठ के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर आकर्षित किया। वैद्य देवेंद्र बत्रा ने बच्चों को नकद राशि देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में विधायक जगमोहन आनंद , भगवान दास कबीरपंथी, पूर्व मेयर रेनू बाला गुप्ता, पूर्व ओ एस डी संजय बाठला, संजय बत्रा, पूर्व पार्षद ईश गुलाटी आदि मौजूद रहे। इसके पश्चात बाबाजी की समाधि पर लोगों ने मनोकामना पूरी होने पर झंडा चढ़ाया। यह भंडारा अगले वर्ष 30 जून को होगा। कार्यक्रम में स्वामी सुखसागर ने प्रवचन करते हुए।

## 15 वर्ष से अधिक आयु के बच्चे का नाम जन्म प्रमाण पत्र में दर्ज करवाने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2024- डॉ. वैशाली शर्मा, निगमायुक्त।

### अपील- अभिभावक 15 वर्ष से ऊपर के बच्चों का नाम जल्द करवाएं दर्ज, यह अंतिम छूट।

करनाल सुखविन्दर सोही

**करनाल।** नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने बताया कि हरियाणा जन्म एवं मृत्यु रजिस्ट्रेशन नियम 2002 के अनुसार बच्चे के जन्म रिकॉर्ड के खाली कॉलम में बच्चे का नमा दर्ज करवाने की समय अवधि 15 वर्ष है। परंतु हरियाणा सरकार द्वारा 15 वर्ष से ऊपर के जन्म रिकॉर्ड में बच्चे का नाम दर्ज करने की छूट जारी है, जिसकी अंतिम तिथि आगामी 31 दिसंबर 2024 है। उन्होंने बताया कि जिन अभिभावकों के बच्चे 15 वर्ष से ऊपर है तथा जिनका जन्म पंजीकरण नगर निगम करनाल कार्यालय में हो रखा है, वह अभिभावक अपने बच्चे का नाम नगर निगम करनाल कार्यालय में 31 दिसंबर 2024 तक दर्ज अवश्य करवा लें। उन्होंने कहा कि यह छूट सरकार द्वारा अंतिम बार दी गई है, इसके उपरांत 15 वर्ष से अधिक आयु के बच्चों के नाम दर्ज नहीं किए जा सकेंगे। यह अंतिम छूट वर्ष 2021 से जारी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार द्वारा पहले भी दो से तीन बार यह छूट दी जा चुकी है। नगर निगम करनाल के उप रजिस्ट्रार डॉ. रमेश शर्मा ने बताया कि नियम अनुसार बच्चे के जन्म प्रमाण पत्र में नाम दर्ज करवाने की अवधि 15 वर्ष है। परंतु हरियाणा सरकार द्वारा 15 वर्ष से अधिक



आयु के बच्चे के लिए यह छूट दी गई है, जो 31 दिसंबर 2024 को समाप्त होने जा रही है। उन्होंने आमजन से अपील करते कहा कि ऐसे सभी अभिभावक जिनके बच्चे 15 वर्ष से ऊपर के हैं और उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र में अभी तक नाम दर्ज नहीं करवाया है, वह अपने बच्चे का नाम 31 दिसंबर 2024 तक दर्ज अवश्य करवा लें।

## करनाल के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**करनाल।** के विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा, बेहतर कैरियर चयन करने, परीक्षा के दबाव को कम करने के लिए मार्गदर्शन देने व मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने के आज डॉ मंगल सेन ऑडिटोरियम में मोटिवेशनल सेमिनार व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया नेशनल इंटीग्रेटेड फोरम ऑफ आर्टिस्ट्स एंड एक्टिविस्ट्स (निफा) द्वारा सांकला क्लासेज के साथ मिलकर आयोजित किए गए कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे करनाल विधायक जगमोहन आनंद व मुख्य अतिथि महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय के उप कुलपति डॉ सुरेश कुमार मल्होत्रा, विशिष्ट अतिथि प्रशांत कुमार, निफा के संस्थापक अध्यक्ष प्रीतपाल सिंह पन्नू, संयोजक एडवोकेट नरेश बराना, वरिष्ठ सलाहकार हरीश शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष श्रवण शर्मा ने दूसरे राउंड में पहुंचे लगभग 1000 विद्यार्थियों को सर्टिफिकेट और मेडल देकर सम्मानित किया। वहीं छठी से बहरवी कक्षा में प्रथम तीन स्थानों पर रहने वाले 21 विद्यार्थियों को स्पोर्ट्स साइकिल, लैपटॉप, डिजिटल वॉच आदि देकर सम्मानित किया । विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों को संबोधित






करते हुए जगमोहन आनंद ने मेरिट में आकर पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई दी और बाकि सभी को मेहनत कर अगली बार सम्मान प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दी। करनाल विधायक जगमोहन आनंद ने निफा द्वारा समाज भलाई के लिए हर क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की व देश की भावी पीड़ी को जिम्मेवार व सफल नागरिक बनाने के लिए और प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए करनाल टैलेंट सर्च परीक्षा को एक सार्थक प्रयास बताया। उन्होंने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विद्यार्थियों के लिए परीक्षा पर चर्चा जैसे कार्यक्रमों का जिक्र करते हुए कहा कि केंद्र व राज्य सरकार भी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए ।

## मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का ऑनलाइन पंजीकरण के बाद मिलेगा लाभः उत्तम सिंह

करनाल, सुखविंदर सोही

**करनाल।** उपायुक्त उत्तम सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी योजना है। अब लाभार्थियों को विवाह के ऑनलाईन पंजीकरण करवाने के उपरान्त ही योजना का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए लाभपात्र विवाहिता की शादी का ई-दिशा पोर्टल पर पंजीकरण होना अत्यंत आवश्यक है। डीसी ने बताया कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का लाभ लेने वाले परिवार को अपनी बेटी की शादी के 6 महीने पूरे होने से पहले ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा। पंजीकरण करने उपरान्त ही विवाहित कन्या के माता-पिता को उक्त योजना का अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि अनुसूचित एवं विमुक्त जाति के परिवार का नाम बीपीएल सूची में है तो उसको कन्या विवाह शगुन योजना के अंतर्गत 71 हजार रुपये का लाभ दिया जाएगा। सभी वर्गों की विधवाओं, बेसहारा महिला, अनाथ बच्चे, बीपीएल सूची में है या उनकी आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है तो उनको इस योजना में 51 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। बी.पी.एल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपये का लाभ डीसी ने बताया कि बी.पी.एल सूची में सामान्य या पिछड़े वर्ग के परिवार को 31 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा। इसी तरह अनुसूचित वर्ग या विमुक्त जाति का परिवार बी.पी.एल सूची में नही है और जिनकी वार्षिक आय एक लाख 80 हजार रुपये से कम है, उनको 31 हजार रुपये का अनुदान दिया जाएगा। विवाहित युगल 40 प्रतिशत या इससे ज्यादा दिव्यांग है तो उन्हें 51 हजार रुपये और पति-पत्नी में से एक जन 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांग है तो उसको 31 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

## चारों साहेब जादों का शहीदी दिहाड़ा 27 को मनेगा





करनाल, सुखविन्दर सोही

**करनाल।** मानवता और धर्म की रक्षा के लिए शहादत देने वाले अमर शहीद चारों साहेब जादों और माता गूजरी का शहीद दिहाड़ा 27 दिसंबर को करनाल के डेरा कारसेवा गुरुद्वारे में मनाया जाएगा। इस अवसर पर रागी ढाडी जत्थे शहादत और कुबार्नी की गाथा से रूबरू कराएंगे। सिख पंथ के गुरुओं की शहादत का लंबा इतिहास रहा हैं। 21 से 28 दिसंबर तक शहीदी सप्ताह मनाया जाता हैं। 27 को होने वाले शहीदी दिहाड़े का आयोजन डेरा कार सेवा गुरुद्वारा तथा गरु पर्व प्रबंधक कमेटी द्वारा पंथ प्रचारक बाबा सुक्खा सिंह के मार्गदर्शन में किया जाएगा। जानकारी देते हुए महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने बताया कि इस दिन सुबह दस बजे से तीन बजे तक रागी ढाडी जत्थे गुरु की महिमा का गुणगान करेंगे। इस दौरान अटूट लंगर बरता जाएगा। दशमेश गुरु गोविंद सिंह जी के चारों नन्हे पुत्रों अजीत सिंह , जुझार सिंह जोरावर सिंह और फतेह सिंह जी तथा उनकी माता गूजरी कौर ने धर्म और मानवता के लिए शहादत दी थी। उन्होंने बताया कि इस दिन दिवसको लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस कार्यक्रम में सभीसे उपसिथत रह कर शहीदों को याद करने की अपील प्रधान वरिंदर सिंह, महासचिव इंद्रपाल सिंह गुरुसेवक सिंह, रतन सिंह, गुरपाल सिंह डोनी जसविंदर सिंह हरप्रीत सिंह नरूला राजेंद्र अरोड़ा पप्पी ने की हैं।

## जाट महासभा ने पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला को दी श्रद्धांजलि

करनाल, सुखविंदर सोही

**करनाल।** इनेलो सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शनिवार को जाट महासभा करनाल द्वारा जाट धर्मशाला में शोक सभा आयोजित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शोक सभा में जाट महासभा के पदाधिकारियों व सदस्यों ने पहुंचकर पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओम प्रकाश चौटाला के चित्र पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया। इस मौके पर जाट महासभा के प्रधान जोगिन्द्र लाठर ने कहा कि चौधरी ओम प्रकाश चौटाला दरिया दिल इंसान थे। सामाजिक, राजनीतिक जीवन में अपनी सक्रियता रखने वाले युवाओं के लिए



प्रेरणास्त्रोत थे। ओम प्रकाश चौटाला ने अपने राज में किसान, मजदूर व कमेरे वर्ग के हित के लिए काम किया। ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा के पांच बार मुख्यमंत्री रहे। ओम प्रकाश चौटाला अपने छोटे से छोटे कार्यकर्ता को पूरा मान सम्मान देते थे। इस अवसर पर प्रधान जोगिन्द्र लाठर, वाइस प्रधान जीत सिंह संधू, ताराचंद, महासचिव चरण सिंह मलिक, धर्मपाल नरवाल, वीरेंद्र जुन, सूरजमल सिंदड़, बलकार संधू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

### सुशासन सप्ताह के तहत जिला के सभी विकास खंडों के 490 ग्राम पंचायतों, नगर निगम, नगर पालिकाओं में चलाया जा रहा विशेष सफाई अभियान : कैप्टन मनोज कुमार

**यमुनानगर :** उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों, शहरी स्थानीय निकायों, पंचायती राज संस्थाओं, सार्वजनिक स्थानों और सरकारी कार्यालयों में स्वच्छता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ह्यस्वच्छ हरियाणा मिशनह्व के अंतर्गत 31 जनवरी, 2025 तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम के तहत सुशासन सप्ताह के दौरान जिला के सभी विकास खण्डों के 490 ग्राम पंचायतों, नगर निगम, नगर पालिकाओं में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें सभी ग्राम पंचायतों में सभी सरकारी भवन जैसे पंचायत भवन, विद्यालय, सामुदायिक भवन, अम्बेडकर भवन, चिकित्सा केन्द्रों में विशेष सफाई अभियान चला कर सफाई की जा रही है। सभी ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में नशे जैसी बुराई को रोकने के लिए आम लोगों के माध्यम से जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

## देश में सड़क हादसों में हो रही लोगों की मौत पर पूर्व वाईस चांसलर डा. जोहर ने जताई चिंता

### सड़क हादसों के कारण व नियमों की भी दी जानकारी

यमुनानगर, दिसंबर : बड़े दुःख की बात है कि भारतवर्ष में सडक हादसों में हर वर्ष लाखों व्यक्ति अपनी जान से हाथ धो बैठते हैं। बाकी देशों की तुलना में भारतवर्ष इस मामले में बहुत पिछड़ा हुआ है। यह कहना है गुरू जम्बेश्वर यूनिसिर्टी हिसार के पूर्व वाईस चांसलर डा. केएल जोहर का। डा. केएल जोहर ने सडक हादसों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कुछ दिन पहले सडक परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने पार्लियामेंट में कहा था कि मेरा सर अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर शर्म से झुक जाता है, जिस समय सडक हादसों की बात सामने आती है। उन्होंने माना कि इस दिशा में बहुत कुछ करना बाकी है। यदि हम आकड़ों की और ध्यान दे तो 2021, 2022 और 2023 में क्रमशः 1,53,972; 1,68,491; 1.73 लाख लोगों की मृत्यु हुई। ये तो केवल वो आंकड़ें हैं जो सरकार ने दिए, लेकिन बहुत से हादसे जो दूर-दराज गांव में हो जाते हैं उनका पता ही नहीं चलता।



पूर्व वाईस चांसलर डा. केएल जोहर

डा. केएल जोहर का कहना है कि चीन की जनसंख्या लगभग भारतवर्ष के बराबर है। चीन में 2021, 2022 और 2023 में क्रमशः 62,218; 60,676; 60,028 लोगों की मृत्यु हुई है। इसका अर्थ यह है कि चीन के मुकाबले में सडक दुर्घटनाओं के मामले में हमारी स्तिथि बहुत ख?ाब है। हमारे देश में लगभग तीन गुना हादसे अधिक होते हैं। यूरोप और अमेरिका में सडक हादसों में मृतकों की संख्या और भी बहुत कम है। दो वर्षो से रूस का यूक्रेन से युद्ध चल रहा है और लगभग एक वर्ष से इजराइल और पैलेस्टाईन में युद्ध चल रहा है। इतने लोग तो इन दो युद्धों में भी नहीं मरे। उन्होंने कहा कि इस सब का कारण सरकार और जनता की लापरवाही है। वहीं उन्होंने इसके कुछ प्रमुख कारणों का वर्णन करते हुए कहा कि हमारे देश में एक कार का लाइसेंस बहुत आराम से मिल जाता है। कई बार तो बिना ड्राइविंग टेस्ट के लाइसेंस दे दिया जाता है, यह बहुत बड़ी भूल है। लाइसेंस देने की आयु भी बढ़ा देनी चाहिए, ट्रैफिक के नियमों को और कड़ा बनाना चाहिए और फिर उनकी कड़ाई से पालना की जानी चाहिए, जो व्यक्ति निर्धारित स्पीड से तेज गाडी चलाये, उस पर भारी भरकम जुमार्ना होना चाहिए या फिर कुछ महीनो के लिए उसका लाइसेंस रद्द कर देना चाहिए,सडको की दशा में सुधार करना चाहिए। यह ठीक बात है कि शहरी छेत्रों में सुधार हुआ है परन्तु गांव को जाने वाली सडकें गाडि?ों के चलने लायक नहीं है। बरसात में तो और भी बुरा हाल हो जाता है, ट्रैफिक पुलिस डिपार्टमेंट की सतर्कता सुदृढ़ करनी चाहिए। श्री जोहर ने आगे बताया कि स्कूल और कॉलेज की पुस्तकों में ट्रैफिक रूल्स के विषय में एक अनिवार्य अध्याय होना चाहिए। स्कूलों और कॉलेजों में जाकर ट्रैफिक इंस्पेक्टर्स को लेक्र्चस भी देने चाहिए।

उन्होंने कहा कि यदि हम उक्त नियमों का पालन करते तो सडक हादसों में मरने वालों का मृत्यु दर कम हो सकता है। सबसे अफसोसजनक यह है कि मृतकों के परिवारों को समय पर तह्शुदा मुआवजा भी नहीं मिलता है। इससे परिवार की दशा और बिगड़ जाती है।

### एक अन्य कार को ओवरटेक करते हुए रोडवेज बस से जा टकराई कार

**यमुनानगर, दिसंबर :** रादौर स्थित एक कॉलेज के पास एसके रोड पर एक कार व रोड़वेज की बस में आमने-सामने की जोरदार भिडंत हो गई। टक्कर इतनी भयानक थी कि दुर्घटना में कार सवार 3 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं एक कार सवार को मामूली चोटे आई हैं। दुर्घटना में कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। दुर्घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और एंबुलेंस की सहायता से घायलों को सरकारी अस्पताल रादौर में इलाज के लिए भर्ती करवाया। घायलो की हालत गंभीर होने पर उन्हें सिविल अस्पताल यमुनानगर रैफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार कुरूक्षेत्र निवासी विजय वशिष्ठ, विशु, पदम व विष्णु के साथ शाकुंभरी देवी धाम पर दर्शन करने निकले थे। कार सवार ने जैसे ही एक अन्य कार को ओवरटेक करने की कौशिश की तो सामने से आ रही करनाल डिपु की बस से कार की जोरदार टक्कर हो गई। तेज रफ्तार कार पहले एक ट्रक से जा टकराई, जिसके बाद कार सामने से आ रही रोड़वेज की बस से टकरा गई। बस में बैठी सवारियों ने घायलों को कार से बाहर निकालकर उनकी मदद की। बस की सवारियों ने डायल 112 को फोन कर दुर्घटना की जानकारी दी।

# बिहार के मुख्यमंत्री का सेक्युरिटी ने संभाला मोर्चा



## बेतिया के डीएम एसपी कर रहे हैं मुनिटिरिंग

**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**

**बेतिया।** मझौलिया प्रखंड अंतर्गत धोकराहा पंचायत के शिकारपुर में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रगति यात्रा का सुरक्षा की दृष्टि से सोमवार को पूर्णतःतैयार कर ली गई है। इस दौरान हैलीपैड के समीप जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय,आरक्षी अधीक्षक शौर्य सुमन, सीएम के सेक्युरिटी ने दंडाधिकारीयो एवं पुलिस अधिकारियों को ब्रीफ कर दी है।गांव के चप्पे चप्पे पर पुलिस एवं अधिकारियों की तैनाती कर दी गई है।पटना से पहुंचे सीएम की सेक्युरिटी टीम बारिकी से मेटल डिटेक्टर से हैलीपैड,मनरेगा पार्क आदि योजना स्थलों की जांच कर रही है।साथ ही डॉग स्क्वायड की टीम सभी स्थलों का मुआयना कर रहे है। कारकेट टीम का हैलीपैड से लेकर एसडीआरएफ भवन तक मॉकड्रिल कराया गया।अन्य अनुमंडल एवं प्रखंडो से पहुंचे अधिकारियों को भी दिशानिर्देश के साथ जिम्मेवारी सौंपी गई।सुरक्षा में तैनात सीएम सेक्युरिटी वाले ने भी जगह जगह रायसुमारी देते दिखे।वही डीएम एसपी ने सजधज के तैयार योजना स्थलों को बारीकी से देखकर मूलरुप दीये।डीएम ने शिकारपुर गांव अंतर्गत मोजा फैक्ट्री परिसर में उद्योग विभाग के स्टॉल पर विभागीय अधिकारी को दिशा निर्देश दिए।तथा विभाग के अधिकारियों से विचार विमर्श किये।वही स्थानीय अधिकारी विडिओ वरुण केतन, सीओ राजीव रंजन कुमार, बीईओ हफ्फिजुल रहमान,पीओ नीरज कुमार पाण्डेय, थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र, मुखिया आशीष भट्ट आदि अधिकारी मोर्चा संभाले हुए हैं। इस कार्यक्रम का मुआयना करने पहुंचे जदयू के वरीय नेता डॉ एनएन शाही,जदयू जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न कुशवाहा, जदयू के प्रदेश महामंत्री नेहा नेशार शैफी,अरुण कुमार, शम्भू पाण्डेय अशोक पटेल आदि शिकारपुर पहुचकर सीएम के आगमन प्रगति यात्रा की विकास को देखकर सीएम को शुभकामनाएं दी। और कहा कि शिकारपुर की विकास पूरे बिहार के पटल पर लाया जाएगा। शिकारपुर के विकास से पूरे बिहार में संदेश जाएगा कि 2025 फिर से नीतीश।

## वार्षिकोत्सव समारोह बाबा हरिदास नागा सरस्वती शिशु बालिका विद्या मंदिर में



**(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)**

**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला मुख्यालय बेतिया स्थित बाबा हरिदास नागा सरस्वती शिशु बालिका विद्या मंदिर के प्रांगण में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन हुआ। जिसमें आगनतूक मुख्य अतिथि चनपटिया विधायक उमाकांत सिंह रहे उन्होंने कहा कि सर्वश्रेष्ठ विद्यालयों में विद्या भारती है। जो आज के समाज का धरोहर है। इस वार्षिकोत्सव का थीम भी धरोहर' हमारी सभ्यता, हमारी संस्कृति थी। मौके पर प्रदेश सचिव रामलाल सिंह विभाग संघचालक राजकिशोर प्रसाद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ,जिला निरीक्षक अनिल राम, विद्यालय अध्यक्ष पूर्णिमा बाला श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष सुभाष रुंगटा, उपाध्याय उज्जवल नमन, विद्यालय सचिव रविरंजन यादव, प्रधानाचार्य सुशील कुमार, आचार्य बृजेश पांडेय, एके पांडेय,आशिश कु दूबे, संगीताचार्य विवेक कुमार, मिडिया प्रभारी रवि प्रकाश पाण्डेय, रंजीत मिश्र, बंका यादव, प्रणिता श्रीवास्तव, मांती सिंह, प्रीति चक्रवर्ती, सुषमा वर्मा कार्यक्रम प्रमुख अजय कुमार, एवं सभी क्रर्मचारी बंधुओं की भूमिका रही। भैया बहनों ने पलक रानी, अंजलि, रोली सिंह स्नेहा कुमारी, सक्षम वत्स, गायन एवं वादन के साथ पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम में, दर्शकों से खूब तालियां बटोरते, सोशल मीडिया नाटक की भी प्रस्तुति, समाज में बहुत ही अच्छा संदेश दिये। अन्य छात्रों में संस्कृति और सभ्यता पर आधारित एक से बढ़ कर एक प्रस्तुति किए।

## एमएसडी महाविद्यालय में ब्लॉक स्तरीय शिक्षा उन्नयन गोष्ठी का किया आयोजन




■ कोंच

विकास खंड नदीगांव क्षेत्र के समस्त परिषदीय शिक्षकों सहित ग्राम प्रधान एवं एसएमसी अध्यक्षों की ब्लॉक स्तरीय शिक्षा उन्नयन संगोष्ठी एमएसडी महाविद्यालय तीतरा में आयोजित की गयी।

संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्रबंधक शिवप्रसाद निरंजन ने की। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक मूलचंद्र निरंजन सहित विशिष्ट अतिथि मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र कुमार श्रीवास, एसडीएम ज्योति सिंह, प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन कर संगोष्ठी की विधिवत शुभारंभ किया। खंड शिक्षा अधिकारी दिग्विजय सिंह ने मंचस्थ अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। विधायक ने शिक्षकों और जनप्रतिनिधियों के बीच समन्वय पर जोर देते हुए कहा कि हम सभी के सामूहिक प्रयासों से ही शिक्षा व्यवस्था में उत्थान संभव है। सरकार भी शिक्षा व्यवस्था को उत्तम बनाने के लिए तमाम योजनाएं और कार्यक्रम चला रही है, जरूरत है हम सभी को मिलकर इन योजनाओं और कार्यक्रमों को धरातल पर उतारने की। सीडीओ ने पानी की पाठशाला विषय पर बोलते हुए जल संचयन और संरक्षण पर जोर दिया। एसडीएम ज्योति सिंह ने कहा कि परस्पर सहयोग से ही शिक्षा के क्षेत्र में परिवर्तन लाया जा सकेगा। शिक्षक अभिषेक गोस्वामी हर्षवर्धन ने पूर्व प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी बाजपेई के जनसप्ताह पर आयोजित कार्यक्रम में उनके जीवन वृत्त पर प्रकाश डाला। संगोष्ठी के अंत में गत दिनों पूर्व संपन्न हुई सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को विधायक सहित अन्य सभी अतिथियों द्वारा प्रमाण पत्र और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया, साथ ही ग्राम प्रधानों और एसएमसी अध्यक्षों को स्मृति चिन्ह देकर उन्हें भी सम्मानित किया गया। संचालन शिक्षक प्रदीप निरंजन ने किया जबकि आभार खंड शिक्षा अधिकारी दिग्विजय सिंह ने ज्ञापित किया। संगोष्ठी में प्रभारी तहसीलदार जितेंद्र सिंह, गौरीशंकर चबोर, विकास पटेल, यूपीपीएसएस ब्लॉक अध्यक्ष ओमप्रकाश पटेल, आरएसएम ब्लॉक अध्यक्ष विनय मिश्रा, एआरपी प्रमोद गुप्ता, एआरपी दिनेश प्रताप सिंह, शिक्षक संजय सिंघाल, प्रेमनारायण सिंह, वेदप्रकाश निरंजन, , राजेंद्र भारद्वाज, राजकिशोर पटेल, प्रेमचंद्र निरंजन, दीप्ति गुप्ता, मंजू शर्मा, मीरा देवी, हेमा पटेल, बीआरसी स्टाफ सदस्य अक्षय, अजय खरे, विवेक द्विवेदी, प्रवेश कुमार, अतुलकांत द्विवेदी, भगवान दास, दीपक सिंह, गिरजेश सहित कई ग्राम प्रधान और स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

## महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई




■ कोंच

गल्ला मंडी स्थित सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कालेज में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई। प्रधानाचार्या आभा तिवारी ने श्रीनिवास रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आचार्य मनीष अग्रवाल ने रामानुजन के प्रारंभिक जीवन के बारे में छात्राओं को बताया। आचार्य मनीष ने रामानुजन द्वारा गणित में दिए गए योगदान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि श्रीरामानुजन ने वर्ष 1918 में मात्र 31साल की उम्र में गणित के 120 सूत्र लिख डाले और अपने शोध को प्रोफेसर जी.एच. हार्डी के पास भेजा। हार्डी ने उस शोध को पड़ा और उनके शोध से वह अत्यधिक प्रभावित हुए जिसके बाद उन्हें कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी आने का न्यौता दिया गया। अक्टूबर 1918 में रामानुजन को ट्रिनिटी कालेज की सदस्यता प्रदान की गयी और सदस्यता मिलने वाले वह पहले भारतीय थे। वहीं जयंती के मौके पर गणित एवं बाल मेला का आयोजन भी किया गया जिसमें छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। संचालन आचार्य नरेंद्र सिंह ने किया।

इस अवसर पर एसआरपी कालेज के प्रधानाचार्य आशीष पोरवाल, प्रवक्ता अतुल कुमार, संजीव मिश्रा, शिक्षिका राखी गुप्ता, राजीव राठौर, शुर्ति गुप्ता, रंजना तिवारी, ज्योति गुप्ता, विवेक तिवारी, शैलेन्द्र यादव, मनीष अग्रवाल सहित छात्रा काजल प्रजापति, काव्या यागिक, सुहाना चौधरी, राजनंदनी, खुशी, अंकिता, कृतिका, निशि, सोहती राठौर, आयुषी गुबरेले, पलक वर्मा, अंशिका साहू, महक, तनिष्का राठौर, प्रतिज्ञा तिवारी, मनु शुक्ला निशा, अनुष्का, अनामिका, प्रिंसी अग्रवाल, वैष्णवी शिवहरे आदि उपस्थित रहीं।

### सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कालपी में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई




**कालपी -उरई।** शनिवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कालपी में महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती मनाई गई। विद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में वंदना सत्र के पश्चात विद्यालय के प्रधानाचार्य देवेंद्र सिंह के द्वारा श्री निवास रामानुजन के चित्र पर माल्यार्पण पुष्पार्चन कर उन्हे नमन किया। कार्यक्रम में आचार्या दीदी श्रीमती सोनाली चौहान, रमेश, सुशील कुमार ने श्री रामानुजन के प्रारंभिक जीवन के बारे में जानकारी प्रदान की। इसी क्रम में रमेश कुमार ने रामानुजन द्वारा गणित में दिए गए योगदान के बारे में सभी को जानकारी देते हुए बताया कि श्री रामानुजन ने वर्ष 1918 में 31 साल की उम्र में गणित के 120 सूत्र लिखे और अपनी शोध को अंग्रेजी प्रोफेसर जी.एच. हार्डी के पास भेजे। हार्डी ने उस शोध को पड़ा और उन शोध पत्रों से वे अत्यधिक प्रभावित हुए और उन्हें कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी आने का न्योता दिया। फिर अक्टूबर 1918 में रामानुजन को ट्रिनिटी कॉलेज की सदस्यता प्रदान की गयी।ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय थे। प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार ने कहा कि श्रीनिवास रामानुजन एक महान भारतीय गणितज्ञ थे। वह विश्व के महानतम गणित विचारकों में से एक हैं। रामानुजन एक ऐसी प्रतिभा थे जिन पर न केवल भारत को अपितु पूरे विश्व को गर्व था। मात्र 33 वर्ष की आयु में इन्होने अपने अद्भुत और विलक्षण ज्ञान से गणित के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण योगदान दिए। जिसके कारण उन्हें पूरे विश्व में एक महान गणितज्ञ के रूप में पहचान दिलाई।कक्षा एकादश के भैया सिद्धांत ने रामानुजन की गणित सम्बन्धी बातें बताई। कार्यालय प्रमुख अर्जुन प्रसाद मौर्य, चंद्रशेखर, रमेशकुमार, रामबाबू,पंकज, अर्पित, प्रखर, सुशील, रमन, अंकुर एवं समस्त स्टॉफ ने सहभागिता की।

## भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निस्तारण करें- डीएम

### जिलाधिकारी व एसपी की अध्यक्षता में माधौगढ़ तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

■ उरई



शासन के निर्देशनुसार सुशासन सप्ताह( 19 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2024) के अंतर्गत जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ0 दुर्गेश कुमार की अध्यक्षता में माधौगढ़ तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने फरियादियों की समस्याओं को गम्भीरता से सुना तथा उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होने निर्देशित किया कि भूमि विवादों से सम्बन्धित प्रकरणों में राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम मौके पर जाकर निष्पक्ष ढंग से निस्तारण कराएं, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होने यह भी निर्देशित किया कि यदि सरकारी भूमि, रास्तों/चकमार्गो एवं पट्टेदारों के भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत मिलती है तो राजस्व/पुलिस की टीम मौके पर जाए और तत्काल अवैध कब्जा खाली कराया जाए। उन्होने कहा कि शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जॉच की जायेगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निश्चित ही निस्तारण करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि सुशासन सप्ताह चल रहा है जिसमे शासन और प्रशासन की प्रतिबद्धता है कि हम लोग जनता की शिकायत को स्थल पर ही समाधान करें और लोगो की जो समस्याएं है उनको दूर करे। उन्होंने कहा कि आमजनमानस को किसी भी प्रकार की कोई समस्या न हो इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि जो लोग अच्छा कार्य करने वाले है, जो किसी भी क्षेत्र में अच्छा कार्य किये हो जैसे- जल सहेली, पंचायत सहायक, स्वयं सहायता समूह व कृषक है इनकी जो सफलता की कहानी है उसको लोगो के बीच प्रसारित कराया जा रहा है जिससे और लोग भी प्रेरणा ले। उन्होंने कहा कि शासन की अवधारणा है सुशासन गांव की ओर, उसी तरह पूरा काम किया जा रहा है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि ठंड को देखते हुए सभी अपने-अपने क्षेत्रों में गौशाला, रैन बसेरों व अलाव का निरंतर निरीक्षण कर व्यवस्था करना सुनिश्चित करे।

पुलिस अधीक्षक ने समस्त थानाध्यक्षों को निर्देशित किया कि सम्पूर्ण समाधान दिवस में पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतों का निस्तारण समय-सीमा के अन्दर किया जाना सुनिश्चित करें। उन्होने यह भी कहा कि महिलाओं की जनशिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण भी सुनिश्चित करें। यदि जिले में किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी द्वारा किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली तो निश्चित ही सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

आज सम्पूर्ण समाधान दिवस माधौगढ़ में कुल 47 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर ही 11 शिकायतों का निस्तारण किया गया, शेष शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर के सत्यापन कर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान बुजुर्गो का कंबल वितरित किया गया।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सुरेश कुमार पाल, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ नरेंद्र देव शर्मा, सीओ रामसिंह, परियोजना निदेशक अखिलेश तिवारी, सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज का शैक्षिक भ्रमण टूर आयोध्या के लिए रवाना



**जालौन-उरई।** महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज का शैक्षिक भ्रमण टूर आयोध्या के लिए रवाना हुआ। जहां छात्र देश की संस्कृति से परिचित होंगे।

छात्र, छात्राओं को देश के गौरवशाली अतीत से परिचित कराने और भारतीय संस्कृति को करीब से जानने के लिए महाराणा प्रताप साइंस इंटर कॉलेज का शैक्षित भ्रमण टूर अयोध्या के लिए रवाना हुआ। संचालक मंगल सिंह चौहान ने बताया कि अयोध्या देश का अतीत अपने में समेटे हैं। हमारे आराध्य प्रभु श्रीराम की जन्म स्थली भी अयोध्या ही है। छात्रों को ऐतिहासिक विरासत से परिचित कराने के लिए ही इस शैक्षिक भ्रमण टूर का आयोजन किया गया है। ताकि छात्र इतिहास से परिचित हो सकें और मर्यादा पुरूषोत्तम के आचरण को अपने अंदर अपना सकें। शैक्षणिक भ्रंमण पर एक सैंकड़ा से अधिक छात्र, छात्राएं बसों से रवाना हुए हैं।

## गौशाला में शीत लहर से बचाव हेतु 150 गौवंशों के लिए किया कम्बल वितरण





■ उरई

जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने ग्राम नुनसाई विकास खण्ड डकोर में स्थित गौशाला में शीत लहर से बचाव हेतु 150 गौवंशों के लिए कम्बल वितरण किया गया। इसके साथ ही गाय का चन्दन व पुष्प से पूजन किया गया तथा गायों को अपने हाथों से गुड़ खिलाया गया। गौशाला में नियुक्त 03 केयर टेकर को सम्मान स्वरुप वस्त्र भेंट किये गये तथा और अच्छा कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामवासियों को प्रेरित किया गया कि वह माह में कम से कम एक दिन गौशाला में आये तथा श्रम दान करते हुये गौशाला में साफ-सफाई व अन्य देख-रेख में सहयोग प्रदान करें।

ग्राम प्रधान पूजा देवी ने कहा कि गौशाला में लगभग 165 गौवंश है जिनकी देख-रेख के लिये 03 केयर टेकर नियुक्त है तथा गौवंशों के पालन में किसी भी प्रकार की कोई समस्या नहीं है।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी राजेन्द्र कुमार श्रीवास, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) संजय कुमार, जिला विकास अधिकारी महेन्द्र चौबे, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी मनोज अवस्थी, जिला पंचायत राज अधिकारी राम आयोध्या प्रसाद, जिला कार्यक्रम अधिकारी इफ्तेखार अहमद, खण्ड विकास अधिकारी डकोर, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) डकोर, बाल विकास परियोजना अधिकारी महेवा,प्रधान प्रतिनिधि विष्णुपाल सिंह, चरण सिंह प्रधान बिरगुवा, देवेंद्र यादव प्रधान पुर, शिशुपाल राजपूत प्रधान एंधा,सुरेन्द्र सिंह पल प्रधान गिरथान, ग्राम विकास अधिकारी (नुनसाई) व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुवैत में एक सामुदायिक कार्यक्रम में शामिल हुए।

# केजरीवाल पर शनि की महादशा, अब कैसे बचेंगे




अरविंद केजरीवाल ने अपने खिलाफ ट्रायल शुरू करने में जो फच्चर फंसाई थी, उसे उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने निकाल दिया है।



अजय सेतिया की कलम से

अरविंद केजरीवाल पर डबल मुसीबत आ गई है। इस बार उन पर मुसीबत उनके चुनाव निशान झाड़ू पर भी आ गई है। अरविंद केजरीवाल ने अपने खिलाफ ट्रायल शुरू करने में जो फच्चर फंसाई थी, उसे उप राज्यपाल वीके सक्सेना ने निकाल दिया है। केजरीवाल पर ट्रायल चलाने का रास्ता साफ हो गया है। दूसरी तरफ दलितों ने यह कहते हुए अरविंद केजरीवाल से झाड़ू छीन लिया कि उन्होंने झाड़ू का गलत इस्तेमाल किया। दो खबरें हैं, दोनों आपको विस्तार से बताता हूं। केजरीवाल कानूनी दांवपेंच से बचने की कोशिश कर रहे थे। असल में हुआ यह था कि 6 नवंबर को सर्वोच्च न्यायालय ने एक अन्य मामले में फैसला दिया था। फैसला पीएमएलए के मुकद्दमे का था, जिसमें कहा गया था कि संवैधानिक पद पर बैठे किसी व्यक्ति पर पीएमएलए मामले में भी राज्यपाल की इजाजत जरूरी है। इसी को आधार बना कर केजरीवाल ने 20 नवंबर को दिल्ली उच्च न्यायालय में नई याचिका दाखिल की कि ट्रायल कोर्ट का उनके खिलाफ मुकद्दमा चलाने का आदेश रद्द किया जाए, क्योंकि जिस समय तथाकथित शराब घोटाला हुआ था, उस समय वह मुख्यमंत्री थे और उन पर मुकद्दमा चलाने के लिए उप राज्यपाल की इजाजत जरूरी थी। सोलिसीटर जनरल तुषार मेहता ने उच्च न्यायालय में कहा था कि केजरीवाल पर मुकद्दमा चलाने की इजाजत ले ली गई है,जिसे वह अगली पेशी में दिखा देंगे। पहले अगली सुनवाई की तारीख 19 फरवरी तय की गई थी, लेकिन केजरीवाल के वकील की गुहार पर 30 जनवरी को तय की गई है। अब यह औपचारिकता भी पूरी हो गई है। हालांकि, केजरीवाल एक बार फिर कोर्ट जाएंगे कि जब ट्रायल कोर्ट ने उनके खिलाफ चार्जशीट का संज्ञान लिया, तब ईडी ने उप राज्यपाल से इजाजत नहीं ली थी। लेकिन, लगता नहीं कि उच्च न्यायालय से उन्हें कोई राहत मिलेगी, क्योंकि ट्रायल अभी शुरू नहीं हुआ है। केजरीवाल ज्यादा ही होशियार बनते थे, वह बार बार कह रहे थे कि ईडी को छापों में एक धेला नहीं मिला। उसका सारा केस झूठा है। ईडी कह रही थी कि रिश्वत का पैसा गोवा के चुनाव में खर्च किया गया, जिसका मनी ट्रेल ईडी को मिल चुका था। जैसे ही यह खबर आई कि उपराज्यपाल ने केजरीवाल पर मुकद्दमा चलाने की इजाजत दे दी है। आम आदमी पार्टी में खलबली मच गई है। आतिशी मार्लेना को संदेह है कि उपराज्यपाल ने मुकद्दमा चलाने की इजाजत नहीं दी है। उन्होंने कहा है कि ईडी को वह चिठ्ठी दिखानी चाहिए, जिसमें उसे मुकद्दमा चलाने की इजाजत मिली है। मनीष सिसोदिया ने कहा है कि यह खबर अमित शाह वाले मामले से जनता का ध्यान हटाने के लिए फैलाई जा रही है। असल में अमित शाह वाले 12 सेकेंड के वीडियो ने बिखर रहे इंडी गठबंधन को एकजुट कर दिया है। केजरीवाल को लगता है कि वह इस वीडियो का चुनावों में सबसे ज्यादा फायदा उठा सकते हैं। इसलिए उन्होंने दलित बस्तियों और बाल्मीकी मंदिरों में जाना शुरू कर दिया है। जहां उन्हें लेने के देने पड़ रहे हैं, क्योंकि पिछले पांच साल तो वह किसी दलित बस्ती में गए नहीं थे। दिल्ली के मंदिर मार्ग पर एक वाल्मिकी मंदिर है, जो केजरीवाल के विधानसभा क्षेत्र में पड़ता है। जैसे ही अमित शाह के बयान के मामले ने तूल पकड़ा, केजरीवाल दलितों को गुमराह करने वाल्मिकी मंदिर चले गए। इससे पहले वह पांच साल पहले इस मंदिर में गए थे। वहां मीडिया के सामने उन्होंने फिर एक बार झूठ बोला कि वह हर दूसरे-तीसरे महीने इस मंदिर में आते हैं। इस मंदिर के कुछ मीटर पर ही एक दलित बस्ती है, जहां से 2013 में उन्होंने झाड़ू चुनाव निशान को लांच किया था। वाल्मिकी समाज के लोग क्योंकि सफाई आदि का काम करते हैं, इसलिए उन्होंने झाड़ू को अपना चुनाव निशान बनाया था। लेकिन, जैसे ही केजरीवाल मीडिया के सामने ड्रामा करके वहां से निकले, दलित बस्ती से पहुंचे लोगों ने कहा कि वह पिछले पांच साल में कभी भी न तो इस मंदिर में आए, न उनकी बस्ती में। अभी भी जब वह मंदिर में आया तो यहां किसी को सूचना नहीं दी गई थी, जितने भी लोग यहां मौजूद थे, वे सब केजरीवाल बाहर से कहीं से लेकर आए थे। लोगों ने कहा कि केजरीवाल ने इलाके के लोगों के लिए पिछले 10 साल से कुछ नहीं किया। यहां तक कि वह उस दलित के घर भी नहीं गए, जिसने 2013 में उन्हें झाड़ू चुनाव निशान दिया था। लेकिन, केजरीवाल के साथ आए और उन्हीं के साथ चले गए विजुअल मीडिया में से किसीने भी स्थानीय दलितों की बात रिकॉर्ड नहीं की। लोगों से हुई बातचीत को इंडियन एक्सप्रेस ने छाप कर बिकाऊ मीडिया की भी पोल खोल दी है। इसी से अंदाज लगाया जा सकता है कि दिल्ली में इस बार केजरीवाल के खिलाफ हवा बह रही है। बाकी तो चुनाव नतीजे ही बताएंगे।

### आरोपी सऊदी का डॉक्टर, 200 लोगों को कुचला

# जर्मनी में कार हमले में 7 भारतीय भी घायल विदेश मंत्रालय ने हमले की निंदा की

एजेंसी, बर्लिन



भारत ने जर्मनी के मैगडेबर्ग शहर में शुक्रवार को क्रिसमस मार्केट पर कार हमले की कड़ी निंदा की है, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और 200 से अधिक लोग घायल हो गए। हमले में 7 भारतीय भी घायल हुए हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने घटना पर बयान जारी करते हुए दुख जताया। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा- हम जर्मनी के मैगडेबर्ग में क्रिसमस मार्केट पर हुए इस भयानक हमले की कड़ी निंदा करते हैं। इस हमले में कई अनमोल जीवन नष्ट हो गए हैं, और कई लोग घायल हुए हैं। हमारी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं पीड़ितों और उनके परिवारों के साथ हैं।

मंत्रालय ने बताया कि भारतीय मिशन घायल हुए भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों के साथ संपर्क में है। उन्हें हर संभव मदद मुहैया कराई जा रही है। घायल हुए 7 भारतीय नागरिकों में से 3 को अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है।

## सऊदी का आरोपी हमलावर गिरफ्तार

क्रिसमस मार्केट में हमले के आरोप में सऊदी अरब के एक डॉक्टर को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हमलावार 2006 से जर्मनी के पूर्वी राज्य सैक्सोनी-अनहाल्ट में रह रहा है। सैक्सोनी-अनहाल्ट ने आरोपी की गिरफ्तारी के बाद बताया कि, 'हमलावार ने घटना को अकेले ही अंजाम दिया है। हमले के पीछे उसका मकसद पता नहीं चल सका।

## हमले पर दुनिया की प्रतिक्रिया

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने घटना को निर्दोषों पर क्रूर हमला बताते हुए कड़ी निंदा की। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री इसे भयावह बताते हुए जर्मनी को सर्मथन देने का वादा किया। वहीं टेस्ला के मालिक इलॉन मस्क ने नाराजगी जताते हुए जर्मन चांसलर ओलाफ शोल्ज से इस्तीफे की मांग कर दी।

## मैगडेबर्ग में हर साल क्रिसमस मार्केट लगता है

मैगडेबर्ग, जर्मनी के सैक्सनी-आन्हाल्ट राज्य की राजधानी है। यह शहर एल्बे नदी के किनारे स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2.40 लाख है। यह शहर बर्लिन से लगभग डेढ़ घंटे की ड्राइव की दूरी पर स्थित है। मैगडेबर्ग में साल में एक बार क्रिसमस मार्केट लगता है और बड़ी संख्या में भीड़ होती है।


## हमलावर को 2016 में मिला था शरणार्थी का दर्जा

द गार्जियन के मुताबिक, हमलावर का नाम तालेब है। वह एक मनोचिकित्सक है। तालेब 2006 से जर्मनी में रह रहा था, उसे 2016 में शरणार्थी का दर्जा दिया गया। वह मैगडेबर्ग शहर से करीब 40 किलोमीटर दूर बर्नबर्ग में मेडिकल प्रैक्टिस कर रहा था। उसने हमला करने से पहले एक BMW कार किराए पर ली थी। फिलहाल हमलावर का कट्टरपंथियों से किसी तरह का संबंध नहीं मिला है।

## 2016 में ऐसी घटना में गई थी 13 लोगों की जान

यह घटना 19 दिसंबर 2016 को बर्लिन में हुई एक बड़ी आतंकी घटना की याद दिलाती है, जब एक इस्लामिक चरमपंथी ने ट्रक से क्रिसमस बाजार में भीड़ पर हमला किया था। घटना में तब 13 लोगों की मौत हो गई थी और दर्जनों लोग घायल हुए थे। उस हमलावर को कुछ दिनों बाद इटली में पुलिस एनकाउंटर में मार दिया गया था।

# ब्राजील में बस और ट्रक की टक्कर, 38 की मौत



### 13 घायल; एक कार भी बस से टकराई, लेकिन उसके 3 पैसेंजर बचे

एजेंसी, ब्राजील

ब्राजील में बस और ट्रक के टक्कर में कम से कम 38 लोगों की मौत हो गई। यह हादसा मिनस गेरैस के तेओफिलो ओटोनी शहर के पास हुआ। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, हादसे में 13 लोग घायल भी हुए हैं, जिन्हें स्थानीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। बस साओ पाउलो से रवाना हुई थी और इसमें 45 यात्री सवार थे। एक कार भी इस हादसे में बस से टकराई, लेकिन उसमें सवार तीन लोग सुरक्षित बच गए। आसपास के लोगों ने बताया कि बस का टायर फटने से ड्राइवर ने कंट्रोल खो दिया और बस ट्रक से जा टकराई। वहीं, कुछ लोगों ने कहा कि एक बड़ा पत्थर (ग्रेनाइट ब्लॉक) बस से टकराया था। हादसे के सही कारणों की जांच की जा रही है। प्रशासन ने कहा कि यह हादसा क्रिसमस से ठीक पहले हुआ, जो बेहद दुखद है। हम पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद पहुंचाने की कोशिश कर रहे हैं।

**ब्राजील में सड़क हादसे में इस साल 10 हजार लोगों की जान गई:** ब्राजील के परिवहन मंत्रालय के मुताबिक, साल 2024 में अब तक सड़क हादसों में 10,000 से अधिक लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। सितंबर में ब्राजील के फुटबॉल खिलाड़ियों की एक बस पलटने से तीन लोगों की मौत हुई थी। उस बस में सवार कोरिटिबा क्रोकोडाइल्स टीम रियो डी जेनेरो में होने वाले चैंपियनशिप मैच में भाग लेने जा रही थी। हादसे के बाद यह मैच रद्द कर दिया गया था।

# केजरीवाल ने दलित छात्रों के लिए डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप का किया ऐलान

### भाजपा ने कहा- योजना पुरानी

एजेंसी, नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बड़ा दांव चला है। उन्होंने दलित छात्रों के लिए डॉ



अंबेडकर स्कॉलरशिप का ऐलान किया है। केजरीवाल ने शनिवार को पत्रकार वार्ता कर दिल्ली में दलित छात्रों के लिए डॉ. अंबेडकर स्कॉलरशिप का ऐलान किया। इस मौके पर केजरीवाल ने भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। वहीं, भाजपा ने इस योजना को पुराना करार दिया है। केजरीवाल ने कहा कि तीन दिन पहले गृह मंत्री अमित शाह ने राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान बाबा साहेब अंबेडकर का 'मजाक' उड़ाया। केजरीवाल ने कहा कि इसकी हम निंदा करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं बाबा साहेब के सम्मान में एक बड़ी घोषणा कर रहा हूं। अब कोई भी दलित समाज का बच्चा पैसे की कमी की वजह से उच्च शिक्षा से वंचित नहीं रह पाएगा।

## भाजपा ने स्कॉलरशिप योजना पर उठाया सवाल

भाजपा ने दलित छात्रों के लिए आज घोषित दिल्ली सरकार की डॉ. अंबेडकर सम्मान स्कॉलरशिप योजना पर सवाल उठाते हुए इसे पुरानी योजना बताया है। पार्टी का आरोप है कि केजरीवाल सरकार ने 2019 में इस योजना की घोषणा की थी लेकिन आज तक इससे कितने छात्र लाभान्वित हुए, इसकी कोई जानकारी नहीं हैं।

### केंद्रीय मंत्री ने रेलवे की उपलब्धियों का उल्लेख किया

# वैष्णव ने 101 रेलवे अधिकारियों को अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार प्रदान किए

एजेंसी, नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को 101 रेलवे अधिकारियों को 69वां अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार और विभिन्न श्रेणियों में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 22 जोन को शील्ड प्रदान किए। वैष्णव ने सभी पुरस्कार विजेताओं को उनके असाधारण कार्य और प्रयास के लिए बधाई दी। उन्होंने पिछले एक दशक में भारतीय रेलवे में हुई परिवर्तनकारी प्रगति पर प्रकाश डाला। वैष्णव ने निर्माण की तीव्र गति, कश्मीर से कन्याकुमारी रेल लिंक जैसी परियोजनाओं को पूरा करने और पूर्वोत्तर कनेक्टिविटी पहलों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि 2025 तक 100 प्रतिशत विद्युतीकरण के लक्ष्य के साथ विद्युतीकरण के प्रयासों में तेजी आई है, जबकि वंदे भारत, नमो भारत और माल ढुलाई गलियारों जैसी परियोजनाओं ने गति पकड़ी है।

कवच सुरक्षा प्रणाली को बड़े पैमाने पर लागू किया गया है। वैष्णव ने स्टेशन पुनर्विकास में उल्लेखनीय प्रगति, परिणामी दुर्घटनाओं में पर्याप्त कमी (345 से 90 तक) और शिकायतों से मुक्त कुशल भर्ती प्रक्रिया, 1.5 लाख पदों को भरने का उल्लेख किया। उन्होने बताया कि रेलवे में स्वच्छता पहलों की प्रशंसा की गई है, जिसमें विपक्षी नेताओं की प्रशंसा भी शामिल है,

## 'राष्ट्र प्रथम, सदाव प्रथम' के प्रयासों का आह्वान



वैष्णव ने सतत प्रगति सुनिश्चित करने के लिए आधुनिक तकनीक, नीति सुधारों और संरचनात्मक परिवर्तनों के एकीकरण पर जोर दिया। 'राष्ट्र प्रथम, सदाव प्रथम' के लोकाचार पर विचार करते हुए, मंत्री ने रेलवे को उत्कृष्टता के प्रतीक के रूप में बनाए रखने के लिए अद्वितीय टीमवर्क और अथक प्रयासों का आह्वान किया।

### किफायती रेल सेवाओं के लिए प्रतिबद्धता

रेलवे बोर्ड के अध्यक्ष और सीईओ सतीश कुमार ने भारत में रेल यात्रियों को विश्व स्तरीय यात्रा अनुभव के साथ-साथ किफायती रेल सेवाएं प्रदान करने के लिए भारतीय रेलवे की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि अमृत भारत स्टेशन जैसी परियोजनाएं, लिफ्ट, एस्केलेटर और दिव्यांगजनों के अनुकूल बुनियादी

### नवाचार पर प्रमुखता से ध्यान देने की घोषणा

वैष्णव ने बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण और यात्रियों को विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने के लिए सुरक्षा, रखरखाव, गुणवत्ता और प्रशिक्षण में प्रयासों को तीन गुना करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने रखरखाव नवाचार पर महत्वपूर्ण ध्यान देने की घोषणा की, जिसमें उद्योग सहयोग, उन्नत निरीक्षण प्रणाली और अधिकारियों और तकनीशियनों के लिए बेहतर प्रशिक्षण शामिल है, जिसमें जमीनी स्तर से फीडबैक शामिल है। सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता बनी हुई है, अगले वर्ष जीरो डिरेलमेंट वाली ज़ोन जैसी पहलों को शील्ड और वित्तीय पुरस्कारों से प्रोत्साहित कियाजाएगा।

### यात्रियों के लिए द्वि-मासिक न्यूजलेटर का भी अनावरण

# नमो भारत यात्रियों के लिए किराए पर मिलेगी 10% छूट

एजेंसी, गाजियाबाद

नमो भारत ट्रेन के यात्रियों के लिए खुशखबरी है, अब उन्हें किराए में 10 प्रतिशत की छूट मिल सकेगी इसको लेकर एनसीआरटीसी ने लालित्य प्वाइंट प्रोगाम लॉन्च कर दिया है। एनसीआरटीसी के प्रबंध निदेशक, शलभ गोयल ने साहिबाबाद आरआरटीएस स्टेशन पर वरिष्ठ अधिकारियों और यात्रियों की उपस्थिति में किया। इसके अलावा यात्रियों के लिए द्वि-मासिक न्यूज़लेटर नमो भारत टाइम्स का भी अनावरण किया गया। नमो भारत यात्रियों के साथ जुड़ने और उन्हें नमो भारत टिकटों पर 10 प्रतिशत की छूट के लिए, एनसीआरटीसी ने 'आरआरटीएस कनेक्ट' मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से लॉयल्टी पॉइंट्स कार्यक्रम की शुरूआत की है। एनसीआरटीसी के प्रवक्ता पुनीत वत्स ने बताया कि लॉयल्टी पॉइंट्स प्रोग्राम के तहत, यात्रियों को नमो भारत ट्रेन टिकट पर खर्च किए गए प्रत्येक रुपये के बदले 1 अंक प्राप्त होगा। प्रत्येक लॉयल्टी पॉइंट का मूल्य 0.10 रुपए (10 पैसे) है और इसे यात्रियों के 'आरआरटीएस कनेक्ट' खाते में जमा किया जाएगा। इन पॉइंट्स का प्रयोग भविष्य में टिकट खरीदने के लिए किया जा सकेगा। इस पहल से न केवल यात्रियों को आर्थिक लाभ होगा।

**समझौता** इसरो और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी के बीच समझौते पर हस्ताक्षर

# अंतरिक्ष यात्रियों के प्रशिक्षण पर मिलकर सहयोग करेंगे भारत और यूरोप

एजेंसी, बेंगलुरू

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि उसने यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) के साथ एक समझौता किया है, जिसके तहत अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण, मिशन क्रियान्वयन और अनुसंधान प्रयोगों से जुड़ी गतिविधियों पर सहयोग किया जाएगा। समझौते पर इसरो प्रमुख एस सोमनाथ और ईएसए के निदेशक जोसफ एशबैचर ने हस्ताक्षर किए। इसरो ने एक बयान में कहा कि इस समझौते के तहत दोनों एजेंसियां मानव अन्वेषण और अनुसंधान में सहयोग करेंगी। खासकर अंतरिक्ष यात्री प्रशिक्षण, प्रयोग, अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर ईएसए की सुविधाओं





का उपयोग, मानव और जैव चिकित्सा अनुसंधान प्रयोगों का क्रियान्वयन, साथ ही शिक्षा और जन जागरूकता की गतिविधियों पर मिलकर काम किया जाएगा। बयान में कहा गया कि एक्सिओम-4 मिशन में इसरो के गगनयात्री और ईएसए के अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। इस मिशन में भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा किए गए कुछ अन्वेषण का प्रयोग अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर किए जाएंगे।

### सोमनाथ ने कहा- मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए रोडमैप तैयार

सोमनाथ ने कहा कि इसरो ने मानव अंतरिक्ष उड़ान के लिए एक रोडमैप तैयार किया है। इसके तहत भारत अपने स्वदेशी अंतरिक्ष स्टेशन बीएएस (भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन) भी बनाने जा रहा है और इससे ईएसए के साथ सहयोग के नए रास्ते खुलेंगे।

### एशबैचनर बोले- दोनों एजेंसियों के बीच सहयोग मजबूत होगा

ईएसए के प्रमुख एशबैचनर ने कहा कि इस समझौते से दोनों के बीच सहयोग और मजबूत होगा। इसरो और ईएसए के प्रमुखों ने एक्सिओम-4 मिशन के लिए साझा कामों की प्रगति पर भी संतोष जताया। उन्होंने भविष्य के मानव अंतरिक्ष मिशन के क्षेत्र में निरंतर सहयोग बनाए रखने की आवश्यकता पर जोर दिया।

# 43 वर्षों बाद भारत की सफल कुवैत यात्रा 21-22 दिसंबर 2024-भारत कुवैत रिश्ता सभ्यताओं, सागर व व्यापार व्यवहार के अतीत से जुड़ा है

## कुवैत में लाखों भारतियों के बीच मिनी हिंदुस्तान का जलवा- मैत्रीपूर्ण संबंध की जड़ें ऐतिहासिक है

**मिशन कुवैत पर 43 वर्ष के बाद भारतीय पीएम का दौरा गेम चेंजर साबित होगा- एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र**



**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**




**गोंदिया** - वैश्विक स्तरपर भारत जिस तेजी के साथ विश्व पर नेतृत्व की ओर बढ़ रहा है, परंतु अगर नेतृत्व का विस्तार यूएन से लेकर पूरी दुनियाँ तक विस्तारित है तो भारत शीघ्र विश्व गुरु बन जाए तो इसमें किसी को अतिशयोक्ति नहीं होगी, क्योंकि विजन 2047 के कारण भारत अपनी हर नीति को रणनीतिक तरीके से दूरगामी परिणामों को प्राप्त करने के लिए क्रियान्वयन कर रहा है जो रेखांकित करने वाली बात है। जहां एक ओर पीएम नें पूर्वोत्तर क्षेत्रों का अपने कार्यकाल में 65 से अधिक बार दौरा किया है वहीं दूसरी और पापुआ न्यू गिनी से लेकर कुवैत यात्रा तक ऐसे अनेक देश है जहां चार पांच दशकों से कोई भारतीय पीएम नहीं गया है वहां की यात्रा कर भारत के सामरिक रिश्तों और वहां रह रहे भारतीयों में भारत के प्रति अलख जगा रहे हैं जिसके दूरगामी परिणाम हमें आगे देखने को जरूर मिलेंगे जिसका सटीक उदाहरण माननीय पीएम की 21-22 दिसंबर 2024 कुवैत यात्रा रही जिसमें 10 लाख से अधिक भारतीयों ने पीएम की सभा में मिनी हिंदुस्तान का एक अहसास पैदा करा दिया जो रेखांकित करने वाली बात है। चूँकि मिशन कुवैत 43 वर्षों के बाद भारतीय पीएम का दौरा गेम चेंजर साबित होगा, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, 43 वर्षों के बाद भारत की कुवैत यात्रा 21-22 दिसंबर 2024 सफल रही,भारत कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं, सागर व व्यापार व्यापार व्यवहार के अतीत से जुड़ा हुआ है। साथियों बात अगर हम पीएम के कुवैत दौरे को अति महत्वपूर्ण होने की करें तो, कुवैत वर्तमान में खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) की अध्यक्षता कर रहा है - जिसमें संयुक्त अरब अमीरात, बहरीन, सऊदी अरब, ओमान और कतर भी शामिल हैं, यह एकमात्र जीसीसी सदस्य देश है, जहां पीएम ने 2014 में पदभार संभालने के बाद से अब तक दौरा नहीं किया है।कोविड महामारी के कारण 2022 में प्रस्तावित यात्रा स्थगित कर दी गई थी। खाड़ी देश भारत के लिए प्रमुख व्यापार और निवेश साझेदार हैं,और नई दिल्ली की इन देशों के साथ मजबूत ऊर्जा साझेदारी भी है। कुवैत भारत के शीर्ष व्यापारिक साझेदारों में से एक है।कुवैत, भारत का छठा सबसे बड़ा कच्चातेल आपूर्तिकर्ता है, जो देश की ऊर्जाआवश्यकताओं को तीन प्रतिशत तक पूरा करता है,जिसका द्विपक्षीय व्यापार वित्तीय वर्ष 2023- 24 में 10.47 अरब अमेरिकी डॉलर रहा।भारतीय समुदाय कुवैत में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है,इस यात्रा से भारत और खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के बीच संबंधों को भी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।भारत मुक्त व्यापार समझौते के लिए जीसीसी के साथ बातचीत कर रहा है,इस यात्रा से भारत-कुवैत संबंधों को और अधिक मजबूती मिलेगी।यात्रा के दौरान, पीएम एक सामुदायिक कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों के साथ बातचीत भी की और एक श्रमिक शिविर का भी दौरा किया, वह कुवैत के अमीर के विशेष अतिथि के रूप में 26 वें अरेबियन गल्फ कप के उद्घाटन समारोह में भी शामिल। साथियों बात अगर हम 43 वर्षों के बाद भारत के पीएम के कुवैत दौरे की करें तो, 43 साल बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री ने कुवैत की धरती पर कदम रखा है, उनसे पहले साल 1981 में इंदिरा गांधी कुवैत गई थीं। पीएम का कुवैत में ग्रांड वेलकम किया गया, इस दौरान उन्होंने दो खास शख्स से मुलाकता की जिनका जिक्र पीएम ने अक्टूबर में अपने लोकप्रिय रेडियो कार्यक्रम मन की बात में की थी, इनक नाम अब्दुल्ला अल-बैरन और अब्दुल लतीफ अल-नसेफ है, इन-?होंने महाभारत और रामायण का अरबी भाषा में अनुवाद किया है। पीएम ने मुलाकात की तस्-?वीरें साझा करते हुए कहा कि वह इनसे मिलकर काफी खुश हैं। पीएम ने शनिवार को यहां कुवैत के दो नागरिकों से मुलाकात की और भारत के महत्वपूर्ण ग्रंथों रामायण और महाभारत का अरबी भाषा में अनुवाद और प्रकाशन करने के उनके प्रयासों की सराहना की। पीएम ने दोनों ग्रंथों के अरबी संस्करणों की प्रतियों पर अपना ऑटोग्राफ भी दिया। पीएम कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा के निमंत्रण पर कुवैत यात्रा की है,यह किसी भारतीय प्रधानमंत्री की 43 वर्षों में इस खाड़ी देश की पहली यात्रा है।पीएम ने कहा,भारत दुनियाँ के उन पहले देशों में से एक है, जिसने कुवैत की स्वतंत्रता के बाद उसे मान्यता दी थी। इसलिए जिस देश से, जिस समाज से इतनी सारी यादें जुड़ी हैं, वहां आना मेरे लिए बहुत यादगार है। मैं कुवैत के लोगों और यहां की सरकार का बहुत आभारी हूं। उन्होंने कहा कि भारत और कुवैत का रिश्ता सभ्यताओं का है, सागर का है और व्यापार- कारोबार का है। भारत और कुवैत, अरब सागर के दो किनारों पर बसे हैं। हमें सिर्फ डिप्लोमेसी ने ही नहीं, बल्कि दिलों ने आपस में जोड़ा है। हमारा वर्तमान ही नहीं, बल्कि हमारा अतीत भी हमें जोड़ता है। पीएम ने कहा, जब भारत को सबसे ज्यादा जरूरत पड़ी, तो कुवैत ने हिंदुस्तान को लिक्विड ऑक्सीजन की सप्लाई दी। हिज हाईनेस द क्राउन प्रिंस ने खुद आगे आकर सबको तेजी से काम करने के लिए प्रेरित किया। मुझे संतोष है कि भारत ने भी कुवैत को वैक्सीन और मेडिकल टीम भेजकर इस संकट से लड़ने का साहस दिया। उन्होंने कहा कि भारत के स्टार्टअप, फिनटेक से हेल्थकेयर तक, स्मार्ट सिटीज से ग्रीन टेक्नोलॉजी तक कुवैत की हर जरूरत के लिए कटिंग एग्ज सॉल्यूशन बना सकते हैं। भारत का स्किल्ड यूथ, कुवैत की फ्यूचर जर्नी को भी नई स्ट्रेंथ दे सकता है। भारत में आज दुनिया की स्किल कैपिटल बनने का भी सामर्थ्य है।इसलिए भारत, दुनिया की स्किल डिमांड को पूरा करने का सामर्थ्य रखता है।पीएम ने कहा, 'आज का भारत एक नए मिजाज के साथ आगे बढ़ रहा है। आज भारत दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी इकोनॉमी है। आज दुनिया का नंबर वन फिनटेक इकोसिस्टम भारत में है। आज दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम भारत में है। आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल निमार्ता देश है। भविष्य का भारत दुनिया के विकास का हब होगा, दुनिया का ग्रोथ इंजन होगा। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 43 वर्षों बाद भारत की सफल कुवैत यात्रा 21-22 दिसंबर 2024- भारत कुवैत रिश्ता सभ्यताओं, सागर व व्यापार व्यवहार के अतीत से जुड़ा है।कुवैत में लाखों भारतियों के बीच मिनी हिंदुस्तान का जलवा- मैत्रीपूर्ण संबंध की जड़ें ऐतिहासिक हैं। मिशन कुवैत पर 43 वर्ष के बाद भारतीय पीएम का दौरा गेम चेंजर साबित होगा।

**-संकलनकर्ता लेखक - कर विशेषज्ञ स्तंभकार साहित्यकार अंतरराष्ट्रीय लेखक चिंतक कवि संगीत माध्यमा सीए(एटीसी) एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**

**गीता को जानें - 4**

# गीता को अपनी अनुभूति बनाएँ



**शाहीन सबा**

ज्ञान और विज्ञान के भेद को समझें -गीता में भगवान् कहते हैं कि वह ज्ञान को विज्ञान सहित (9.1) बता रहे हैं। यहाँ ज्ञान का अर्थ है जो इंद्रियों से ग्रहण किया जाता है व मस्तिष्क में संग्रहित रहता है। जैसे हम गीता को पढ़ें, सुनें, बोलें तो हमें ब्रह्म, प्रकृति, योग आदि की जानकारी होगी। यह ज्ञान है। यह ज्ञान इन्द्रियों और मस्तिष्क तक सीमित होता है इसलिए यह स्थाई नहीं है। जब शरीर पीड़ा में होगी, इन्द्रियाँ शिथिल होंगीं तो यह विस्मृत हो जाएगा। कई लोग जीवन भर गीता या किसी अन्य धर्मग्रंथ का पाठ करते हैं, उसे कंठस्थ कर लेते हैं, पर जीवन में मुसीबत आती है, मृत्यु का समय आता है तो उनके भीतर की शांति बिक्षुव्ध हो जाती है। वे बैसा ही व्यवहार करने लगते हैं जैसा आम संसारी व्यक्ति करता है। इसे ऐसे समझें कि ऐसे लोग भोजन बनाने की विधि तो जानते हैं परंतु उन्हों्ने भोजन पकाया नहीं है, भोजन किया नहीं है। भोजन बनाने की विधि भूख नहीं मिटा सकती। उसके लिए तो भोजन पकाना ही पड़ेगा और उसे खाना पड़ेगा।

दूसरी ओर विज्ञान का अर्थ है वह अनुभव जो अंदर उतरता है, जो हमें अंदर से बदल देता है। इसका अर्थ है भोजन कर लेना और भूख मिट जाना। गीता कहती है कि केवल ज्ञान की लम्बीं चौंडी बातें करने से कोई पंडित नहीं बन जाता (2.11)। पंडित वह है जिसने इस ज्ञान को जीवन में प्रत्यक्ष कर लिया है। हमारा लक्ष्य भोजन की जानकारी ही प्राप्त करना भर नहीं है, हमारा लक्ष्य है भोजन पकाना और उससे अपनी भूख मिटाना। गीता यह दोनों काम करने में हमारा मार्गदर्शन करती है। इसके लिए गीतोक्त जीवन जीना होता है। इसका क्रम से ज्ञान कराना ही गीता का उद्देश्य है। जब गीता का ज्ञान हमारे अंदर की अनुभूति या विज्ञान बन जाता है तो हम हर सुख दुख में, संसार के झंझावातों में समत्व में जीने लगते हैं। श्रीरामकृष्णा इसके उदाहरण हैं। अंतिम समय में वे मुँह के कैंसर के कारण शारीरिक रूप से अत्यंत कष्ट में थे। जब शिष्यों ने कहा कि आप अपने कष्ट को समाप्त करने के लिए माँ काली से प्रार्थना क्यों नहीं करते। पहले तो वे मना करते रहे। पर जब शिष्यों ने बहुत आग्रह किया तो वे माँ काली के मंदिर में गये। जब बाहर आए तो शिष्यों। ने पूछा कि क्या? कहा माँ ने। तो रामकृष्णा अपने शिष्यों की ओर इशारा करके बोले कि माँ ने कहा है कि तुम इतने मुखों से खा तो रहे हो। यह उनकी अनुभूति है जिसके सामने शारीरिक कष्ट गौण हो गया है। अत्यंत शारीरिक कष्ट के बाद भी वह समत्व में हैं। गीता के अनुसार संसार में सुख दुःख तो आएँगे। इन्हें पूर्णतः हटाने का कोई तरीका नहीं है। इन्हें सहन करना है (2.14)। मन और बुद्धि को शांत और सम रखते हुए इनसे जूझना है। इस अंतर को समझ लें तो हमारा लक्ष्य तय हो जाएगा। गीता की पाठशाला में हम पाठ भी सीख पाएँगे और उस जानकारी का अपने जीवन में प्रयोग करते चलेंगे। गीता केवल कंठस्थ करने तक, पूजा करने तक सीमित नहीं रहेगी, वह हमारे अंदर की अनुभूति बन जाएगी।

> **गीता की टीकाओं का महत्व और सावधानी- गीता पर अनेक टीकाएँ हुई हैं। टीका का अर्थ है गीता के शब्दों और श्लोकों की व्याख्या। गीता सूत्र रूप में है अन्यथा भला 700 श्लोकों में उपनिषदों का अनन्त ज्ञान कैसे समा सकता हैं? उदाहरण के लिए आइंस्टाइन ने परमाणु ऊर्जा की खोज की। उन्होंने सूत्र दिया कि पदार्थ की मात्रा में प्रकाशवेग का दो बार गुणा कर दें तो उससे उत्पन्न होने वाली ऊर्जा की गणना हो जाएगी (C=mc2). इस सूत्र को प्राप्त करने के पीछे जटिल गणितीय समीकरणों का योगदान है।**

**गीता की टीकाओं का महत्व और सावधानी-** गीता पर अनेक टीकाएँ हुई हैं। टीका का अर्थ है गीता के शब्दों और श्लोकों की व्याख्या। गीता सूत्र रूप में है अन्यथा भला 700 श्लोकों में उपनिषदों का अनन्त ज्ञान कैसे समा सकता है? उदाहरण के लिए आइंस्टाइन ने परमाणु ऊर्जा की खोज की। उन्होंने सूत्र दिया कि पदार्थ की मात्रा में प्रकाशवेग का दो बार गुणा कर दें तो उससे उत्पन्न होने वाली ऊर्जा की गणना हो जाएगी (C=mc2). इस सूत्र को प्राप्त करने के पीछे जटिल गणितीय समीकरणों का योगदान है। इस सूत्र का उपयोग करके परमाणु ऊर्जा बनाने के लिए विस्तृत विधियों की जरूरत होगी। यह गणितीय समीकरण तथा विधियाँ ही उस सूत्र की टीका हैं। शास्त्रीय रूप से देखें तो गीता की तीन श्रेणी की टीकाएँ हैं। श्रीमद् शंकराचार्य ने अद्वैतवादी, श्री मधवाचार्य ने अद्वैतवादी और श्री रामानुज ने विशिष्ट द्वैतवादी टीका की है। इसके बाद अनेक महापुरुषों ने मोटे तौर पर इन्हीं सीमाओं के अंतर्गत रहते हुए गीता की व्याख्याएँ की हैं।

गीता के विद्यार्थी को प्रारंभ में ही बड़ी-बड़ी टीकाओं में उलझने की जरूरत नहीं है। मैं स्वयं का एक अनुभव बताता हूँ। वर्ष 2003 की बात थी। मैं ट्रेन में यात्रा कर रहा था। मेरे सहयात्री एक युवा संन्यासी थे। मैं गीता पर कोई भाष्य पढ़ रहा था। संन्यासी ने उसके बारे में मुझसे पूछा। तब तक मैं 20 वर्षों का गीतापाठी हो चुका था और गीता के लगभग सभी महत्वपूर्ण भाष्ये पढ़ चुका था। अतः मैंने कुछ अहंकार के साथ बताया कि वह पुस्तक क्या है। बात आगे बढ़ी तो मैनें कुछ टीकाओं की तुलनात्मक व्याख्या की। युवा संन्यासी ने मुझसे पूछा कि जब गीता एक है तो उसकी विविध टीकाएँ क्यों हैं। कोई उसमें अद्वैत देखता है तो कोई द्वैत तो कोई उसे केवल कर्म का ग्रंथ मानता है आदि-आदि। मैनें कहा कि जैसे बिजली शुद्ध ऊर्जा है जिसका उपयोग हीटर में गर्म करने के लिए होता है तो रेफ्रिजरेटर में ठंडा करने के लिए। बिजली का उपयोग उपकरण की पात्रता और जरूरत के आधार पर तय होता है। गीता शुद्ध अध्यात्मो विज्ञान है। जो व्यक्ति उसके संपर्क में आएगा उसकी चेतना का स्तोर, समझ, स्वभाव जैसा होगा उसी के अनुरूप वह गीता को समझेगा और उपयोग करेगा। युवा संन्यासी बोले बिलकुल ठीक कहा। शंकराचार्य, रामानुजाचार्य, विवेकानन्द जैसे महापुरुष संसार के उद्धार के लिए आते हैं इसलिए उनके समय समाज की जैसी दशा होती है व जैसी जरूरत होती है उसी तरह की टीका उनके द्वारा की गई। इतना कहकर संन्यासी बोले आपकी चेतना का स्तर इनमें से किस टीकाकार के स्तर का है? मैं चकरा गया। मैंनें कहा स्वामी जी मैं तो इनमें से किसी के पाँव की धूल भी नहीं हूँ। वह बोले तब तुम टीकाओं को पढ़कर क्या। समझ पाओगे, जो जानकारी एकत्र करोगे वह उधार की जानकारी होगी। तुम्हारी स्वयं की अनुभूति नहीं होगी। फिर मार्ग बताते हुए बोले कि गीता में संसार के सभी मानवों के लिए उनके स्तर का संदेश निहित है। गीता को श्रद्धा व विश्वास से पढ़ो। मन में दृढ़ विश्वास रखो कि मेरे अंदर श्रीकृष्ण का निवास है और वही गीता को उच्चारित कर रहे हैं। प्रत्येक श्लोक को देवता मानकर उससे अपना अर्थ देने की प्रार्थना करो। तब गीता का अर्थ आपके हृदय में प्रकट होने लगेगा। टीकाएँ पढ़ना बुरा नहीं हैं। वे मार्गदर्शक हैं परंतु मार्ग को जानने मात्र से मंजिल पर नहीं पहुँचा जा सकता। उसके लिए तो चलना पड़ता है। कई बार बहुत ज्यादा पढ़ने सुनने से भी मार्गों के बारे में भ्रम हो सकता है। गीता से जुड़ना ही मंजिल की ओर चल पड़ना है और अनुभूति प्राप्त करना ही मंजिल प्राप्त करना है।

**ज्योतिर्विद * ब्रजेन्द्र श्रीवास्तव**

# साप्ताहिक ज्योतिष पत्रिका

## रविवार 22 दिसम्बर से शनिवार 28 दिसम्बर 2024 तक

**व्रत उत्सव**

विक्रम सम्वत 2081, शक सम्वत 1946, कलियुग सम्वतसर 5125, रविवार 21 दिसम्बर 2024 पौस कृष्ण षष्ठी से शनिवार 28 दिसम्बर 2024 पौष कृष्ण त्रयोदशी तिथि तक। **रविवार 22 दिसम्बर:** भानु सप्तमी तथा मासिक कालाष्टमी। **बुधवार 25 दिसम्बर:** ईसाई जगत में क्रिसमस का त्यौहार। **गुरुवार 26 दिसम्बर:** सफला एकादशी व्रत स्मार्त तथा निम्बार्क सहित सभी वैष्णवों का एक ही दिन है। **शनिवार 28 दिसम्बर:** शनिवारी प्रदोष व्रत यह व्रत शनि से संकेतित कष्ट क्लेश दूर करने का सर्वोत्तम उपचार है। सूर्यास्त उपरांत ॐ नमः शिवाय मंत्र का 11 माला जप करें, गरीबों को दिन में दान दें। **अगले सप्ताह:** रविवार 29 दिसम्बर: मासिक शिवरात्रि कृष्ण चतुर्दशी व्रत। सोमवार 30 दिसम्बर: सोमवती अमावस्या, स्नान दान श्राद्ध आदि सभी कार्यों में ग्राहय। तमिल क्षेत्रों में आज हनुमान जयंती। शुक्रवार 3 जनवरी को गणेश चतुर्थी वैनायकी चतुर्थी व्रत। रविवार 5 जनवरी को स्कन्द षष्ठी तथा सोमवार 6 जनवरी को श्री गुरू गोविन्द सिंह जी की जयंती।

**आकाश दर्शन और मौसम**

मंगल ग्रह रात पौने आठ बजे से पूरब में उदित तथा सुबह के पहले दक्षिण-पश्चिम में। गुरू ग्रह: सूर्यास्त के बाद से पूरब में दृश्यमान, रात 10 बजे दक्षिण में सुबह पश्चिम में अस्त। शुक्र ग्रह सूर्यास्त के कुछ पहले से पश्चिम में चमक रहा है तथा रात 9 बजे पश्चिम में अस्त। शनि ग्रह: सूर्यास्त समय दक्षिण दिशा में सिर पर दिखाई दे रहा है यह रात 11 बजे पश्चिम में अस्त। आज चारों ग्रह एक ही रात में देख सकते हैं। सूर्यास्त के बाद गुरू पूरब में, शुक्र पश्चिम में, शनि दोनों के बीच सिर पर दक्षिण में, तथा रात 8 बजे से मंगल पूरब में। **मौसम:** सप्ताहांत छुटपुट बादल वर्षा का योग है। 21 दिसम्बर को सबसे छोटा दिन होने के बाद दिन मान प्रतिदिन कुछ सेकेण्ड से बढ़ने लगा है। सूर्य का उदय भी सूर्योदय समय देखने पर पहले के स्थान से थोड़ा बांई तरफ उत्तर की तरफ हटकर उदित हो रहा है यहीं वास्तविक सूर्य का उत्तरायण है।

**व्यापार भविष्य**

सप्ताह के आरंभ में शेयर मार्केट में चन्द्र राहु योग वश अस्थिरता संभावित है सप्ताह मध्य मैटल, आई.टी., फर्टिलाइजर्स में कुछ तेजी तथा सप्ताहांत सामान्य तेजी का ग्रह संकेत है।

**मेष-** सप्ताह के शुरू में मन कुछ आसान से रह सकता है, मौसम के कारण स्वास्थ्य कष्ट का भी प्रबल ग्रह संकेत है। सप्ताह मध्य उपयोगी लघु यात्रा हो सकती है तथा व्यापार रोजगार में अच्छी प्रगति का योग भी प्रबल है। सप्ताह के आखिर में रुके हुए काम बन जाने से प्रसन्नता होगी बचत से लेनदेन होगा। पुराने रुके हुए काम में अच्छी सफलता मिलेगी। रुके हुए लाभ, लेनदारी और पेंशन व फंड इत्यादि से जुड़े कार्य भी प्रगति करेंगे। सप्ताह के मंगलवार गुरुवार शुक्र शनिवार उत्तम दिन रहेंगे। जबकि बुधवार कुछ तनाव क्लेश कारक रह सकता है।

**वृष-** आपकी राशि के स्वामी शुक्र का बृहस्पति से त्रिकोण योग आपको अपने कार्यों में अच्छी सफलता का मार्ग बना रहा है। आपको उत्साह बढ़ाने वाले ऑफर या समाचार भी मिल सकते हैं। सप्ताह के शुरू में मन कुछ अनिश्चय ग्रस्त अधिक ही रहेगा अतएव ध्यान साधना करें। सप्ताह मध्य खर्च बढ़ सकते हैं, मौसम जन्य स्वास्थ्य कष्ट भी संभावित है। जबकि सप्ताह के आखिर में उपयोगी व्यापारिक चर्चा होने का तथा बौद्धिक कार्यों में अच्छी प्रगति होने का ग्रह योग है। घर परिवार में संतान पक्ष की उन्नति के योग भी प्रबल है। सप्ताह के सोमवार मंगलवार गुरुवार और शनिवार और व्यावसायिक लाभ की दृष्टि से उत्तम दिन रह सकते हैं।

**मिथुन-** सप्ताह के आरंभ में घर परिवार में नई व्यस्तता बढ़ाने वाले प्रसंग हो सकते हैं। किसी निकट संबंधी पर आपको अधिक ध्यान देने की जरूरत पड़ सकती है। जबकि किसी मित्र या निकट संबंधी का आगमन भी इसी समय हो सकता है। संपत्ति की देखभाल पर भी व्यय बढ़ सकता है। सप्ताह में संतान पक्ष से जुड़ी चिंताओं का समाधान होने का ग्रह संकेत है। सप्ताह के आखिर में दायित्व और देनदारी निभाने की चिंता रहेगी। व्यापार रोजगार में सफलता और निजी जीवन में प्रसन्नता की दृष्टि से लगभग पूरा सप्ताह अनुकूल है यद्यपि बुधवार को मानसिक क्लेश संभावित है।

**कर्क-** आपकी राशि पर से मंगल का संचार हो रहा है और इसका शुभयोग बृहस्पति हो रहा है जो आपको अधिकारी वर्ग से अपने कार्यों में सफलता तथा आपके क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ाएगा। सप्ताह के शुरू में अजनबी व्यक्तियों से व्यवहार में विशेष सावधानी रखें तथा भ्रामक समाचारों से भी बचें। इस सप्ताह सामाजिक पारिवारिक व्यस्तता बढ़ेगी और खर्च भी अधिक हो सकता है। सप्ताह के आखिर में बौद्धिक कार्यों में सफलता और परिवार में छोटे-छोटे सदस्यों की उन्नति से प्रसन्नता का योग भी प्रबल है। संचार संवाद के नए साधनों की प्राप्ति का योग भी है रवि सोम शुक्र शनिवार अपेक्षाकृत उत्तम और लाभकारी दिन रहेंगे।

**सिंह-** सप्ताह के शुरू में आहार विहार की अनियमितता के कारण स्वास्थ्य कष्ट हो सकता है इस समय है एलर्जी के प्रति विशेष ध्यान रखें। आपका इस सप्ताह संपर्क क्षेत्र बढ़ेगा मित्र संबंधीजनों से आकस्मिक भेंट से खुशी होगी। व्यापारिक लेन-देन भी अच्छे लाभकारी रहेंगे। सप्ताह के आखिर में घर में नई सुविधा के उपकरणों की खरीद का विचार हो सकता है। संतान पक्ष की ओर से प्रसन्नता बढ़ाने वाले प्रसंग को सकते हैं। कारोबार में लाभ और सफलता के लिहाज से रविवार सोमवार गुरु शुक्र शनिवार उत्तम दिन रहेंगे।

**कन्या-** आपकी राशि पर इस सप्ताह के शुरू में चंद्र गुरु का प्रतियुति युति योग प्रभावी रहेगा, इस कारण आपको अपने कार्य क्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी, आपके नए कार्यों की प्रशंसा भी होगी। एक से अधिक कार्य आप कम समय में पूरा करने में भी दक्षता प्रदर्शन करेंगे। सप्ताह मध्य भेंट उपहार का आदान प्रदान होने का तथा पारिवारिक व्यस्तता बढ़ने का योग है। सप्ताह के आखिर में संचार संवाद साधनों का उपयोग बढ़ सकता है तथा शौकिया कार्य पर भी पर्याप्त समय और धन व्यय हो सकता है। व्यापार रोजगार में उन्नति के लिहाज से पूरा सप्ताह ही अनुकूल है।

**तुला-** आपकी राशि के स्वामी शुक्र का गुरु से शुभ त्रिकोण योग इस मास के आखिर तक प्रभावी रहेगा इसलिए इस और अगले सप्ताह प्रसन्नता के नए प्रसंग होने का योग भी प्रबल है। सप्ताह के शुरू में खर्च बढ़ सकते हैं, यात्रा तथा अन्य सुख साधनों पर भी खर्च हो सकता है। सप्ताह मध्य सामाजिक और पारिवारिक दोनों क्षेत्र में व्यस्तता बढ़ेगी। इस बीच आपके बहुत से रुके हुए काम भी बन सकते हैं। परिवार में प्रसन्नता के नए प्रसंग होने का तथा मित्र और संबंधीजनों के आवागमन का योग भी है। व्यापार रोजगार में लाभकारी समझौते की दृष्टि से बुधवार गुरुवार और शुक्र शनिवार उत्तम दिन रहेंगे।

**वृश्चिक-** आपकी राशि से संचार कर रहे बुध ग्रह का गुरु से प्रतियुति योग इन दिनों चल रहा है जिसका अच्छा असर आपके बौद्धिक कार्यों पर पड़ेगा, आपकी कार्य क्षमता भी बढ़ेगी तथा आप कम समय में अधिक कार्य पूरा करके दूसरों को आश्चर्य चकित कर देंगे। इस सप्ताह नए लोगों से भेंट और उनसे विचार का आदान प्रदान हो सकता है। सप्ताह मध्य यात्रा भ्रमण होने का तथा खर्च बढ़ने का योग है। सप्ताह के आखिर में आपकी बहुत सारे काम एक साथ पूरे जाने से प्रसन्नता रहेगी। संतान पक्ष की ओर से भी हर्ष प्रद प्रसंग का योग है।

**धनु-** इस सप्ताह आपको अपने कारोबार में विस्तार करने का और नए तरह की कार्य प्रणाली अपनाने का अवसर मिलेगा। राज्य पक्ष से आपका सम्मान बढ़ाने वाले प्रसंग भी हो सकते हैं। संतान पक्ष की ओर से भी प्रसन्नता के प्रसंग का योग प्रबल है। सप्ताह के आखिर में शुक्र शनिवार को आकस्मिक खर्च बढ़ सकते हैं साथ में आपकी जल्दबाजी के कारण आपकी परेशानी भी बढ़ सकती है। सप्ताह के शेष दिन अधिकतर लाभ दायक और अनुकूल हैं। आपकी राशि पर से भाग्येश सूर्य का संचार आपको संयोग वश कुछ विशेष उपलब्धि भी करा सकता है।

**मकर-** सप्ताह के शुरू में गुरु चंद्र के योग वश भाग्य वर्धक कुछ प्रसंग हो सकते हैं इसलिए आप अपने कार्य क्षेत्र में सक्रिय बने रहिए। शुक्र का आपकी राशि पर से संचार आपके व्यक्तित्व में आकर्षण बढ़ा रहा है। सप्ताह मध्य कार्यक्षेत्र में अधिकारी वर्ग से प्रशंसा प्राप्त हो सकती है और लोकप्रियता बढ़ाने वाले प्रसंग भी हो सकते हैं। आपकी मित्रता का दायरा बढ़ेगा व्यापार रोजगार में भी लेनदेन का विस्तार होगा। बौद्धिक कार्यों में भी आपको उल्लेखनीय सफलता परीक्षा प्रतियोगिताओं में मिल सकती है जिसका योग अगले सप्ताह की जारी रहेगा। व्यापार रोजगार में लाभ और प्रसन्नता की दृष्टि से पूरा सप्ताह ही अनुकूल है।

**कुंभ-** इस सप्ताह आपके बहुत समय से रुके हुए काम बन सकते हैं। बैंक से जुड़े कार्य, फंड पेंशन से जुड़े कामकाज भी अच्छी प्रगति करेंगे। आपको किसी लाभकारी योजना से जुड़ने का अवसर भी प्राप्त होगा। आकस्मिक पर उपयोगी लघु यात्रा हो सकती है अथवा किसी शुभ स्थल के दर्शन का कार्यक्रम भी बन सकता है। सप्ताह के आखिर में आप एक साथ कई कार्यो को पूरा करने का प्रयास करेंगे जो अधिकतर सफल ही रहेगा इसमें आपको अपने से उम्र में छोटे व्यक्तियों का अच्छा सहयोग प्राप्त होगा। घर परिवार में सप्ताह के आखिर में आनंद का नया वातावरण बनेगा। सत्ता के शुरू में नए कार्यों में कुछ रुकावट हो सकती है शेष सप्ताह अधिकतर अनुकूल रहेगा और लाभकारी भी।

**मीन-** सप्ताह के शुरू में आपको मिले जुले अनुभव होंगे एवं व्यापार रोजगार के कार्यों में अच्छी प्रगति होगी। परंतु इस बीच किसी व्यक्ति से आंतरिक मतभेद भी थोड़े समय के लिए उभर सकते हैं। निकट संबंधी की अस्वस्थता से भी कुछ असुविधा संभावित रहेगी। सप्ताह मध्य पहले के रुके हुए कामकाज में अचानक ही अच्छी प्रगति होने से संतोष रहेगा। सप्ताह के आखिर में संचार संवाद के साधनों का प्रयोग बढ़ेगा तथा नई टेक्नोलॉजी अपनाने का भी विचार होगा, उपयोगी यात्रा भी हो सकती है। व्यापार रोजगार में लाभ और सफलता के लिहाज से लगभग पूरा सप्ताह ही अनुकूल और उत्साह जनक रहने का योग है।

# स्टेडियमों में आपके साथ चलना आनंददायक रहा : प्रीति

● बेंगलुरु,

**रविचंद्रन** अश्विन के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद उनकी पत्नी प्रीति ने इंस्टाग्राम पर स्टार गेंदबाज के साथ बिताये गये वक्त के अनमोल पलों को साझा करते हुए उन्हे असीम आनंददायक क्षण करार दिया है।

प्रीति ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर भावुक अंदाज में लिखा 'प्रिय अश्विन, किट बैग कैसे रखा जाता है ये ना जानते हुए भी दुनिया भर के स्टेडियमों में आपके साथ चलना, आपका समर्थन करना, आपको देखना और आपसे सीखना, यह एक परम आनंददायक रहा है। आपने मुझे जिस दुनिया से परिचित कराया, उसने मुझे दिया एक ऐसे खेल को करीब से देखने और उसका आनंद लेने का सौभाग्य जो मुझे पसंद है। इसने मुझे यह भी दिखाया कि अपने दिमाग को ऊपर रखने के लिए कितने जुनून, कड़ी मेहनत और अनुशासन की आवशयकता होती है। उन्होने कहा कि जब मैंने अश्विन की पीसी देखी, तो मैंने छोटे और बड़े क्षणों के बारे में



सोचा। पिछले 13-14 वर्षों में कई यादें। बड़ी जीत, प्लेयर ऑफ द सीरीज पुरस्कार, एक गंभीर मुकाबले

### भारतीय स्पिनर अश्विन के अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास के बाद उनकी पत्नी का भावुक पोस्ट

के बाद हमारे कमरे में एकदम से शांति, कभी भी शाम में खेल के बाद शॉवर की देर तक आती आवाज, सामान्य से अधिक देर तक दौड़ना, कागज के ऊपर अश्विन का लिखते हुए पेंसिल की खरोंच, जब वह गेम प्लान बना रहा होता है तो फुटेज वीडियो की लगातार स्ट्रीमिंग, प्रत्येक मुकाबले के लिए निकलने से पहले एक लंबी सांस लेते हुए खुद को शांत रखने की कोशिश, आराम करते हुए गाने सुनना और उसे लूप पर लगातार दोहराना। वह समय जब हम खुशी में रोए थे। प्रीति ने अपने जीवनसाथी के सन्यास के लम्हों को साझा करते हुये लिखा कि ये दो दिन मेरे लिए धुंधले रहे हैं। मैं सोच रही हूं कि मैं क्या कह सकती हूं। क्या मैं इसे अपने सर्वकालिक पसंदीदा क्रिकेटर को श्रद्धांजलि के रूप में लिखूं। हो सकता है कि मैं सिर्फ पार्टनर के मद्देनजर लिखूं, या ये भी हो सकता है कि यह किसी फैन गर्ल का प्रेम पत्र हो। उन्होने कहा कि मुझे याद है कि हम इस बारे में बात करते थे कि आप ही क्यों, आर अश्विन को ही यह सब क्यों करना पड़ा और इसके अलावा भी और बहुत कुछ।

अगर आपने अपने कौशल को लगातार बेहतर नहीं किया और उसपर काम नहीं किया तो पुरस्कार, सर्वोत्तम आंकड़े, प्लेयर ऑफ द मैच, प्रशंसा, रिकॉर्ड आपके लिए कुछ मायने नहीं रखते थे। कभी-कभी, कुछ भी पर्याप्त नहीं होता है और अब जब आपने अपना अनूठाअंतर्राष्ट्रीय सफर समाप्त कर लिया है, तो मैं आपको केवल यह बताना चाहती हूं कि यह सब अच्छा है। यह आपके ऊपर से बोझ हटाने का समय है। अपनी शर्तों पर जीवन जियें। अपने परिवार के लिए समय निकालें, कुछ भी न करने के लिए समय निकालें।



## अनमोलप्रीत बने सबसे तेज शतक जड़ने वाले भारतीय

● अहमदाबाद,

**विजय** हजारे ट्रॉफी के एक मैच में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ पंजाब के अनमोलप्रीत सिंह ने मात्र 35 गेंदों में शतक पूरा किया।

### जैक फ्रेजर-मक्गर्क (29 गेंदें) और डिविलियर्स (31 गेंदें) उनसे आगे हैं

इस कारनामे के साथ वह लिस्ट ए में सबसे तेज शतक लगाने वाले भारतीय बन गये हैं। इस मामले में जैक फ्रेजर-मक्गर्क (29 गेंदें) और एबी डिविलियर्स (31 गेंदें) उनसे आगे हैं। अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ नंबर तीन पर बल्लेबाजी करने आए अनमोलप्रीत ने 11 चौकों और 8 छक्कों की मदद से अपना शतक पूरा किया। अनमोलप्रीत ने ऑफ स्पिनर तेची नेरी को विशेष रूप से निशाना बनाया, जिन्होने अपने एकमात्र ओवर में 31 रन लुटाये। अनमोलप्रीत के विस्फोटक अंदाज की बदौलत पंजाब ने अरुणाचल प्रदेश के 164 रन के लक्ष्य को मात्र 12.5 ओवर में हासिल कर लिया। अनमोलप्रीत ने 45 गेंदों में 115 रन बनाए वहीं प्रभसिमरन सिंह 25 गेंदों में 35 रन बनाकर नाबाद रहे। डीविलियर्स ने 2015 में जाहन्सबर्ग में वेस्टइंडीज के खिलाफ 44 गेंदों में 149 रन बनाकर सबसे तेज लिस्ट ए शतक का रिकॉर्ड तोड़ा था, जो अभी भी सबसे तेज वनडे शतक है। इससे पहले यह रिकॉर्ड 2014 में न्यूजीलैंड के कोरी एंडरसन ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 36 गेंदों में बनाया था। डीविलियर्स का लिस्ट ए रिकॉर्ड तब टूटा, जब तक फ्रेजर मक्गर्क ने अक्टूबर 2023 में मार्श कप में 29 गेंदों में शतक नहीं बना दिया। अनमोलप्रीत इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स हैदराबाद के लिए खेल चुके हैं। हालांकि हाल में हुयी आईपीएल नीलामी में उन्हें कोई खरीददार नहीं मिला था।

## हेड भारत के लिए बने सरदर्द

### पूर्व कोच शास्त्री ने ट्रेविस हेड का इलाज खोजने को कहा

● मेलबर्न,

**ऑस्ट्रेलिया** के धाकड़ बल्लेबाज ट्रेविस हेड को भारत के लिए सरदर्द बताते हुए पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा कि रोहित एंड कंपनी को ट्रेविस नामक सरदर्द के इलाज को खोजना होगा।

शास्त्री ने कहा कि भारत ट्रेविस नामक 'सरदर्द' के लिए 'बॉम' की तलाश कर रहा है। रोहित एंड कंपनी को जल्द ही ट्रेविस नामक सरदर्द का इलाज खोजना होगा। गौरतलब है कि बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में आग उगल रहे ट्रेविस हेड के बल्ले का तोड़ अब तक टीम इंडिया नहीं खोज सकी है। भारत के खिलाफ मौजूदा सीरीज की पहली पारी में मात्र 11 रन आउट होने वाले हेड ने अपने अगले तीन मैचों में 89 रन, 140 रन और 152 रन बनाए हैं। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अलावा अन्य गेंदबाज उन पर लगाम कसने में लगभग बेअसर साबित हुए हैं। शास्त्री ने ट्रेविस की शानदार फार्म की तारीफ करते हुए मजाकिया अंदाज में कहा कि ट्रेविस हेड भारतीयों के लिये ट्रेविस हेडेक (सरदर्द) साबित हो रहे हैं। अब भारतीय टीम को इस बल्लेबाज को आउट करने का तरीका ढूंढना होगा। उन्होने कहा कि मुझे लगता है कि हेड बहुत स्मार्ट है। मैंने उन्हें तीन साल पहले देखा था लेकिन अब उनकी बल्लेबाजी काफी सुधरी है। उन्होंने कई गेंदों का अच्छे से छोड़ना सीख लिया है। वो जिस तरह से शॉर्ट बॉल खेल रहे हैं और छोड़ रहे हैं। वहीं उन्हें आगे ले जा रहा



है। उन्होंने इस गेंद को खेलना अच्छे तरीके से सीख लिया है। हेड के पास सही स्ट्रोक खेलने की क्षमता है। वो लाइन और लेंथ जल्दी पिक कर लेते हैं, जिससे उन्हें खेलने के लिए ज्यादा समय मिलता है। शास्त्री ने कहा कि ऐसा नहीं है कि हमेशा शॉर्ट गेंद पर बड़ा शॉट लगाना होता है। वह या तो इसे छोड़ने या बड़े शॉट लगाने के लिए तैयार रहते हैं। अगर गेंद मिडिल या ऑफ स्टंप है, तो वह इसे स्क्वायर के सामने भी मारते हैं। उन्होने कहा कि हेड के ऑफसाइड के शॉट अविश्वसनीय होते हैं। कुल मिला यह कहा जाये कि वह अपने क्रिकेट करियर की सर्वश्रेष्ठ फार्म में है, अतिश्योक्ति नहीं होगा। सीरीज में 10.9 की औसत से 21 विकेट लेने वाले बुमराह के खिलाफ ऑस्ट्रेलिया के लगभग हर बल्लेबाज ने संघर्ष किया है लेकिन हेड पर इसका कोई असर पड़ता दिखाई नहीं दे रहा है।

गौरतलब है कि भारत और आस्ट्रेलिया की पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मैच भारत ने जीता था जबकि दूसरा टेस्ट मैच मेजबान टीम के पक्ष में गया था। तीसरा मैच हार जीत के फैसले के बगैर समाप्त हुआ था। सीरीज के अगले दो मैच दोनों टीमों के बीच अंतर का खुलासा करेंगे।

## सार संक्षेप

### बीसीसीआई के सचिव, कोषाध्यक्ष के लिए चुनाव की तारीख घोषित

**मुंबई** : भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने सचिव और कोषाध्यक्ष के रिक्त पदों के लिए शनिवार को चुनाव की घोषणा कर दी। बोर्ड ने बताया कि 12 जनवरी 2025 को मुंबई में एक विशेष आम बैठक (एसजीएम) आयोजित की जाएगी, जिसका प्राथमिक एजेंडा नए पदाधिकारियों का चुनाव होगा। यह चुनाव बीसीसीआई सचिव जय शाह के इस्तीफे के कारण हो रहे हैं जिन्होने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के स्वतंत्र अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। इसी तरह, कोषाध्यक्ष आशीष शेलार ने महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद पद छोड़ दिया था। शाह के इस्तीफे के बाद देवजीत सैकिया को बीसीसीआई अध्यक्ष रोजर बिन्नी ने अंतरिम सचिव नियुक्त किया था जबकि कोषाध्यक्ष की भूमिका के लिए कोई अंतरिम नियुक्ति नहीं की गई है। बीसीसीआई के चुनाव अधिकारी एके जोती के अनुसार दोनो पदों के चुनाव के लिये नामांकन तीन और चार जनवरी, 2025 को स्वीकार किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की जांच छह जनवरी को होगी और उम्मीदवार सात जनवरी तक नाम वापस ले सकते हैं। उम्मीदवारों की अंतिम सूची सात जनवरी को शाम पांच बजे घोषित की जाएगी। चुनाव और परिणाम 12 जनवरी को निर्धारित किए जाएंगे।

### श्रीजीत के नाबाद शतक ने दिलाई कर्नाटक को जीत

**अहमदाबाद** : कृष्णन श्रीजीत (150 नाबाद) के विस्फोटक शतक की मदद से कर्नाटक ने शनिवार को विजय हजारे ट्रॉफी के इतिहास में दूसरे सबसे बड़े सफल लक्ष्य का पीछा करते हुए मुबंई को सात विकेट से हरा दिया। मुबंई ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 382 रन का भारी भरकम स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में कर्नाटक ने 3.4 ओवर शेष रहत 383 रन का विजय लक्ष्य तीन विकेट खोकर हासिल कर लिया। कर्नाटक की जीत में श्रीजीत के अलावा केवी अनीश (82) और प्रवीण दुबे (65 नाबाद) का योगदान उल्लेखनीय रहा। श्रीजीत ने मात्र 101 गेंदों पर 150 रन बनाये। श्रीजीत ने पहले अनीश के साथ 94 रन की साझेदारी की जबकि बाद में प्रवीण दुबे के साथ 119 गेंदों में 183 रन की नाबाद साझेदारी की। गौरतलब है कि विजय हजारे ट्रॉफी में इससे पहले आंध्रा ने गोवा के खिलाफ 2011-12 सीजन में 384 रनों का पीछा किया था। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा चेज हैं। इससे पहले मुंबई के श्रेयर अय्यर के नाबाद 55 गेंदों में 114 रन ठोके जिसमे उनके पांच चौके और दस छक्के शामिल थे। उनके अलावा हार्दिक तमोरे (84) और आयुष म्हात्रे (78) के बीच 141 रन की साझेदारी हुई थी। अय्यर ने तमोरे के साथ 22 गेंदों में 30 रन और सूर्यकुमार यादव (20) के साथ 34 गेंदों में 56 रन जोड़े। अय्यर और शिवम दुबे (63 नाबाद) ने मिलकर मुंबई के अंतिम 65 गेंदों में 148 रन जोड़े।

### विष्णु सरवनन ने एशियन ओपन चैंपियनशिप में जीता कांस्य

**हांइकोउ (चीन)** : भारत के विष्णु सरवनन ने एशियन ओपन



चैंपियनशिप 2024 नौकायन प्रतियोगिता में पुरुषों की डिंगी स्पर्धा में कांस्य पदक जीत लिया है। दो बार के ओलंपियन और हांगझोऊ एशियाई खेल 2023 के कांस्य पदक विजेता विष्णु सरवनन ने खराब सेहत के बावजूद अपनी 10 रेसों से 36 नेट कुल अंक हासिल किए और फील्ड ऑफ 47 में तीसरे स्थान पर रहे। मलेशिया के खैरुलनिजाम अफेंडी ने कुल 28 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता, जबकि हांगकांग चीन के निकोलस हॉलिडे ने 30 अंकों के साथ रजत पदक जीता। विष्णु सरवनन ने सीरीज ऑफ 10 की फाइनल रेस जीती, जबकि रेस पांच में वह 16वें स्थान पर रहे जो कि उनका सबसे खराब प्रदर्शन था। फारुख तारापोर के बाद इस साल विष्णु सरवनन एक से ज्यादा ओलंपिक खेलों में सेलिंग में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने। उन्होंने टोक्यो 2020 और पेरिस 2024 में हिस्सा लिया है। एक अन्य भारतीय ओलंपियन, नेत्रा कुमानन, हाइकोउ में महिलाओं की डिंगी स्पर्धा में कुल 77 अंकों के साथ आठवें स्थान पर रहीं।

### मणिपुर ने बंगाल को 3-0 से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

**नारायणपुर** : राजमाता जीजाबाई सीनियर महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप में शनिवार को पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया जिसमें मणिपुर ने बंगाल को 3-0 से हराकर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया। खेल के पहले हाफ में दोनों ओर से बहुत जबरदस्त खेल का प्रदर्शन किया गया। इसके कारण पहले हाफ की समाप्ति तक स्कोर 0-0 रहा। दूसरे हाफ में 53वें मिनट पर दंगमेई ग्रेस ने पहला गोल कर मणिपुर को 1-0 से पीछे कर दिया। 55वे मिनट पर मणिपुर के प्रियंका देवी ने दूसरा गोल किया और 79वें मिनट पर हेमन सिल्की देवी ने तीसरा गोल कर और मैच 3-0 से जीतकर फाइनल में जगह बनाने में सफल रही। जर्सी नम्बर 13 दंगमेई देवी को प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया। अगला मैच हरियाणा और ओडिशा के बीच है।

## ऑस्ट्रेलिया से ड्रॉप होने पर मैकस्वीनी बोले- मैं टूट चुका हूं

### बोले : जो चाहता था कर नहीं पाया 6 पारियों में 72 रन ही बना सके

**मेलबर्न,** युवा ओपनर नाथन मैकस्वीनी ऑस्ट्रेलियाई टीम से ड्रॉप होने के बाद सदमें में हैं। 25 साल के इस बल्लेबाज ने शनिवार को चैनल-7 को दिए इंटरव्यू में इस बात को स्वीकार किया। हालांकि, उन्होंने कड़ी मेहनत करके दोबारा टीम में जगह बनाने का वादा भी किया।

25 साल के मैकस्वीनी ने कहा- 'हां, मैं टूट चुका हूं। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा सपना सच हुआ, लेकिन उस तरह से नहीं, जैसे मैं चाहता था। खेल में ऐसा होता है। मैं कड़ी मेहनत करके अगले मौके के लिये खुद को तैयार करूंगा। मैकस्वीनी को एक दिन पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम से ड्रॉप किया गया था। उनकी जगह 19 साल के ओपनर सैम कोंस्टास को पहली बार टीम में शामिल किया गया था। मैकस्वीनी बोले कि हां, मैं टूट चुका हूं। ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलने का मेरा सपना सच हुआ, लेकिन उस तरह से नहीं, जैसे मैं



चाहता था। खेल में ऐसा होता है। मैं कड़ी मेहनत करके अगले मौके के लिए खुद को तैयार करूंगा। क्रिकेट में ऐसा ही है। मौका मिलने पर अच्छा नहीं खेलते हैं तो आपकी जगह सुरक्षित नहीं है। मैं चूक गया, लेकिन अब फिर मेहनत करके टीम में दोबारा जगह बनाऊंगा।

## भारत करेगा जूनियर वर्ल्ड कप 2025 की मेजबानी

**नई दिल्ली,** नेशनल राइफल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एनआरएआई) को इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर वर्ल्ड कप राइफल/पिस्टल/शॉटगन 2025 की मेजबानी के अधिकार मिल गए हैं। यह देश में आयोजित होने वाली तीसरी प्रमुख आईएसएसएफ प्रतियोगिता होगी, इससे पहले 2023 में भोपाल में सीनियर वर्ल्ड कप और इस साल के अंत में आईएसएसएफ वर्ल्ड कप फाइनल का आयोजन हुआ था। एनआरएआई के अध्यक्ष कालिकेश नारायण सिंह देव में कहा कि पिछले महीने रोम में आईएसएसएफ की कार्यकारी समिति की बैठक बहुत लाभकारी रही थी, और सभी सदस्य संघों के साथ-साथ आईएसएसएफ के अध्यक्ष लुसियानो रोसी ने भी भारत में आयोजित प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय शूटिंग प्रतियोगिताओं की तारीफ की थी और वैश्विक स्तर पर खेल को बढ़ावा देने में भारत की भूमिका को सराहा था। हमें तभी से एहसास हो गया था, लेकिन अब जब आधिकारिक पुष्टि मिल गई है, हम उत्साहित और प्रेरित हैं कि हम अपनी पूरी ताकत से इस आयोजन को सफल बनाएंगे। एनआरएआई के महासचिव के. सुलतान सिंह ने आईएसएसएफ के पत्र के बारे में कहा कि आईएसएसएफ ने अपने पत्र में हमसे दो संभावित सुविधाजनक समय स्लॉटों की पुष्टि करने का अनुरोध किया है, एक सितंबर-अक्टूबर में और दूसरा अक्टूबर अंत-नवंबर की शुरुआत में। हम अपनी आंतरिक बैठक के बाद इसे जल्द से जल्द आईएसएसएफ के साथ साझा करेंगे, ताकि सदस्य संघ अपनी तैयारियां कर सकें।

## जडेजा ने मीडिया को अंग्रेजी में जवाब नहीं दिया

**मेलबर्न,** ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई भारतीय टीम के ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर सुर्खियों में हैं। इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में जडेजा ने ऑस्ट्रेलिया मीडिया के बीच हिंदी में जवाब दिए, अंग्रेजी में नहीं। इसके बाद उन्होंने बस पकड़ने की बात कहकर प्रेस कॉन्फ्रेंस जल्दी खत्म कर दी। जडेजा की इस प्रेस कॉन्फ्रेंस को ऑस्ट्रेलियाई मीडिया अब अजीब बता रहा है। 2 दिन पहले ही विराट कोहली ने फैमिली की फोटो लिए जाने पर ऑस्ट्रेलियाई जर्नलिस्ट को फटकार लगाई थी। जडेजा की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद ऑस्ट्रेलियन मीडिया उनकी आलोचना कर रहा है। चैनल-7 ने इसे अजीब प्रेस कॉन्फ्रेंस बताया। मेलबर्न में शनिवार को ट्रेनिंग सेशन के बाद रवींद्र जडेजा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। यहां जडेजा ने हिंदी में जवाब दिए। ऑस्ट्रेलिया की चैनल-7 के मुताबिक, जडेजा ने अंग्रेजी में सवालों के जवाब देने से इनकार कर दिया। भारत की मीडिया टीम ने उन पत्रकारों की ओर इशारा किया, जिन्हें सवाल पूछने की अनुमति थी। इसमें कुछ ऑस्ट्रेलियाई पत्रकार भी थे। जडेजा ने केवल हिंदी में जवाब दिया। इसके बाद उन्होंने पत्रकारों से कहा कि उन्हें बस पकड़नी है और प्रेस कॉन्फ्रेंस खत्म हो गई। भारत की मीडिया टीम ने कहा कि यह कॉन्फ्रेंस केवल ट्रैवल करने वाले भारतीय मीडिया के लिए थी। विराट मेलबर्न एयरपोर्ट पर टीवी जर्नलिस्ट को अपने बच्चों की फोटो लेने से मना करते हुए। 19 दिसंबर को मेलबर्न एयरपोर्ट पर विराट कोहली चैनल-7 की महिला पत्रकार पर भड़क गए थे। वे मीडिया को परिवार के फोटो लेने से मना कर रहे थे।

## पटना पाइरेट्स को गुजरात जाएंट्स ने रोका टाई पर

### प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 125वें मैच में गुजरात ने पटना को 40-40 की बराबरी पर रोका

पुणे,

**अपने** अंतिम लीग मैच में पटना पाइरेट्स को गुजरात जाएंट्स के खिलाफ टाई खेलना पड़ा। बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में शनिवार को खेले गए प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के 125वें मैच में गुजरात ने पटना को 40-40 की बराबरी पर रोक दिया। इस टाई के बाद पटना के लीग स्तर पर अंतिम रूप से दूसरे स्थान पर जाने की संभावना को ठेस पहुंची है।

पटना की टीम 22 मैचों में 13 जीत, सात हार और दो टाई से 77 अंक लेकर अभी भी तालिका में दूसरे स्थान पर है लेकिन यूपी योद्धाज और दबंग दिल्ली के उससे आगे निकलने की संभावना है। बहरहाल, पटना के लिए इस मैच में देवांक ने 10, सुधाकर ने सात अंक लिए जबकि गुजरात के लिए राकेश ने नौ तथा गुमान और डिफेंडर जीतेंद्र ने 8-8 अंक लिए। पटना ने दूसरे मिनट में ही देवांक को बचाने के प्रयास में रिव्यू गंवाया। उस समय गुजरात 2-1 से आगे



थे लेकिन अयान ने मल्टीप्वाइंटर के साथ पटना को 3-2 से आगे कर दिया लेकिन फिर राकेश ने सुपर रेड के साथ स्कोर 5-3 कर दिया। इसके बाद गुजरात ने पटना को आलआउट की ओर धकेला और इसे अंजाम तक पहुंचाकर 10-4 की लीड ले ली। आलइन के बाद पटना ने सुधरा हुआ खेल दिखाते हुए पांच अंक लिए लेकिन वह गुजरात को भी इतने ही अंक लेने से नहीं रोक सकी। 10 मिनट की समाप्ति तक गुजरात 15-9 से आगे थे। इसके बाद के छह मिनट के खेल के दौरान भी गुजरात ने 5-6 की लीड के साथ अपनी पकड़ बनाए रखी। रेडिंग में बेहतर कर रही पटना ने हालांकि 18वें मिनट में गुजरात के लिए सुपर टैकल आन कर दिया लेकिन अगली रेड पर वह जितेंद्र द्वारा लपक लिए गए। सुपर टैकल अभी भी आन था। सुधाकर आए और नीरज का शिकार कर गुजरात को आलआउट की ओर धकेल दिया। बहरहाल, गुजरात ने 22-18 के स्कोर पर पाला बदला। हाफटाइम के बाद पटना ने आलआउट लेते हुए स्कोर 22-24 कर दिया। इसके बाद दोनों टीमों को तीन-तीन अंक मिले। फासला दो का बना रहा लेकिन मोनू ने सुधाकर को लपक फासला 3 कर दिया। हालांकि अंकित ने गुमान के साथ फासला फिर 2 का कर दिया। 30 मिनट की समाप्ति तक हालांकि पटना ने स्कोर 28-29 कर दिया। ब्रेक के बाद अयान ने चार के डिफेंस में एक शिकार कर न सिर्फ स्कोर बराबर किया बल्कि गुजरात को सुपर टैकल सिचुएशन में ला दिया। डू ओर डाई रेड पर राकेश के बोनस के बाद नीरज ने अयान को सुपर टैकल कर गुजरात को 32-29 से आगे कर दिया। इसके बाद गुजरात ने देवांक को लपक तीसरे सुपर टैकल के साथ 34-30 की लीड ले ली। रिवाइव होकर आए देवांक फिर रेड पर गए और फिर लपक लिए गए। जितेंद्र ने टीम के लिए चौथा सुपर टैकल कर स्कोर 38-32 कर दिया। पटना ने हालांकि लंबे इंतजार के बाद आलआउट लेकर स्कोर 37-38 कर दिया। अब सिर्फ दो मिनट बचे थे। आलइन के बाद नवदीप ने गुमान को लपक स्कोर बराबर कर दिया।

इसके बाद सुधाकर ने सातवें रेड प्वाइंट के साथ पहली बार पटना को आगे कर दिया लेकिन राकेश ने स्कोर बराबर कर दिया। अगली रेड पर सुधाकर लपके गए। गुजरात फिर आगे थे लेकिन देवांक ने स्कोर 40-40 कर दिया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)